

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 07 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-09 ■ वर्ष -42 ■ अंक-159 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 08 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## सत्य निकेतन हादसे में दुर्ग के युवक की मौत

**रायपुर,7 सितंबर।** दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में रविवार को हुए दर्दनाक इमारत हादसे ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के एक परिवार की खुशियां छीन लीं. हादसे में दुर्ग निवासी युवराज सोनी की मौत हो गई. 20 वर्षीय युवराज सत्य निकेतन स्थित बॉयज पीजी में रहते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के मोतीलाल नेहरू कॉलेज में बीकॉम द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था. खबरों के मुताबिक, दर्दनाक हादसे से कुछ ही पल पहले युवराज अपने बचपन के दोस्त आर्यन से फोन पर बात कर रहा था. दोनों छुट्टियों के बाद मिले समय में घूमने जाने की योजना बना रहे थे. बातचीत के दौरान अचानक फोन पर तेज और भयावह गड़गड़ाहट की आवाज सुनाई दी, उसके करीबन एक मिनट बाद फोन कट गया.आर्यन को उम्मीद थी कि युवराज उसे फोन करेगा, लेकिन जब कुछ देर बाद उसे सत्य निकेतन में इमारत गिरने की खबर मिली. इसके बाद आर्यन तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुआ. मौके पर उस समय राहत और बचाव कार्य जारी था. आर्यन ने युवराज की तलाश में कई जगह जानकारी जुटाई. काफी देर तक भटकने के बाद उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर से सूचना मिली कि युवराज की हादसे में मौत हो चुकी है. बताया जा रहा है कि युवराज छुट्टियों के बाद महज तीन दिन पहले ही अपने घर दुर्ग से दिल्ली लौटा था. युवराज और आर्यन बचपन से दोस्त थे. दोनों एक ही गांव से ताल्लुक रखते थे. युवराज के दिल्ली लौटने के बाद दोनों जल्द ही साथ घूमने जाने की योजना बना रहे थे.

## अमेरिका में बड़ा विमान हादसा

**वाशिंगटन,7 सितंबर।** अमेरिका में बड़ा विमान हादसा हुआ है। मियामी एयरपोर्ट पर अमेजन का कार्गो प्लेन रनवे पर क्रैश हो गया। मियामी एयरपोर्ट के रनवे पर लैंडिंग के बाद फिसलकर गाड़ियों से टकरा गया। हादसे के बाद प्लेन में आग लग गई। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायलों की हालत खराब है। हादसे के बाद एयरपोर्ट के सभी रनवे और टैक्सी-वे बंद कर दिए गए हैं। इस वजह से उड़ानों का संचालन भी प्रभावित हुआ है। अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (FAA) ने कहा कि वह इस घटना की जांच कर रहे हैं।

## मोहन भागवत ने लंदन के ऐतिहासिक गुरुद्वारे में मत्था टेका

**लंदन,7 सितंबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस चीफ मोहन भागवत तीन देशों की यात्रा के अंतिम पड़ाव पर ब्रिटेन पहुंच गए हैं। मोहन भागवत लंदन के ऐतिहासिक गुरुद्वारे भी पहुंचे। संघ प्रमुख लंदन के ऐतिहासिक खालसा जत्था ब्रिटिश आइल्स गुरुद्वारा साहिब जाकर मत्था टेका। यह भारत के बाहर सबसे पुराने गुरुद्वारों में से एक है और 1908 से अस्तित्व में है। इसके बाद सिख समुदाय से बातचीत की। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत गुरुद्वारे में रुमाला साहिब भेंट किया और कड़ा प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही भागवत ने विल्सडेन के श्री स्वामीनारायण मंदिर में जन्माष्टमी का उत्सव देखा।

राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने बताया कि मोहन भागवत ने लंदन के विल्सडेन में स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर का भी दौरा किया.

# डॉक्टरों को पीटने वाले नेताओं को तुरंत हिरासत में लो, खुले न घूमें : सुको

**नई दिल्ली,7 सितंबर।** महाराष्ट्र में डॉक्टरों और अस्पताल के कर्मचारियों के साथ मारपीट की बढ़ती घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि डॉक्टरों पर हमला करने वाले राजनीतिक दलों के नेताओं को तुरंत हिरासत में लिया जाए। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान आईं, जिसमें उन्होंने कल्याण के शास्त्रीनगर अस्पताल में डॉक्टरों पर हुए हमले के मामले में जमानत की शर्तों को चुनौती दी थी। उनके वकील मुकुल रोहतगी ने याचिका वापस ले ली है। महाराष्ट्र सरकार ने कहा कि उसने म्हात्रे की जमानत रद्द करने की मांग की है। अदालत ने नोटिस जारी कर मामले की अगली सुनवाई 28 सितंबर को तय की है। इससे एक दिन पहले भी पालघर जिले में एक अस्पताल में डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ कथित तौर पर मारपीट हुई थी। आरोप है कि रविवार तड़के शिवसेना के कुछ पदाधिकारियों ने अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ के साथ मारपीट की। बताया जा रहा है कि दही हांडी उत्सव के दौरान घायल हुए एक व्यक्ति को अस्पताल से छुट्टी देने को लेकर रिलीफ हॉस्पिटल में विवाद शुरू हुआ था। इसके बाद अस्पताल की गैलरी में हंगामा हो गया।



इस मामले में पालघर पुलिस ने कम से कम 17 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इनमें एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना के कुछ सदस्य भी शामिल हैं।

CCTV फुटेज में कथित तौर पर एक व्यक्ति को अस्पताल की रिसेप्शनिस्ट को थप्पड़ मारते हुए देखा गया। आरोप है कि जब महिला कर्मचारी ने मामले में दखल देने की कोशिश की तो उसे धमकी भी दी गई। अस्पताल के एक कर्मचारी की शिकायत के मुताबिक, शिवसेना के जिला प्रमुख कुंदन सांखे, शहर प्रमुख राहुल घरात और कुछ अन्य लोग अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में पहुंचे थे। यहां उनकी डॉक्टरों से बहस हुई। इसी दौरान बीच-बचाव करने पहुंची रिसेप्शनिस्ट को कथित तौर पर थप्पड़ मारा गया। 6 जुलाई को ठाणे में शास्त्री नगर अस्पताल, कल्याण-डोंबिवली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (KDMC) में भी ऐसी ही घटना सामने आई थी। शिवसेना (शिंदे गुट) के कॉर्पोरेटर रमेश म्हात्रे अपने साथियों के साथ अस्पताल पहुंचे और NICU बेड न मिलने/गर्भवती महिला के इलाज को लेकर बहस के बाद महिला डॉक्टर समेत तीन डॉक्टरों और स्टाफ पर हमला किया। म्हात्रे की याचिका पर ही सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की है।

# पेड़ से टकराई कार दो युवकों की मौत

### स्कार्पियो ने ली राज मिस्त्री की जान

**दुर्ग/बालोद,7 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग और बालोद जिले में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है, जहां दो अलग-अलग हादसों मे तीन लोगों की मौत हो गई है। दुर्ग में कार सवार दो युवक जहां पेड़ से जा टकराए, तो वही बालोद में बाइक सवार राज मिस्त्री की स्कार्पियो की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने दोनों घटनाओं की जांच शुरु कर दी है।

भिलाई नगर सीएसपी निशांत पाठक ने बताया कि सुपेला थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-53 पर कोसानाला के पास रविवार को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो गई और मुख्य मार्ग से सर्विस लेन पार करते हुए सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में प्रतीक ठाकुर (25 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं भास्कर कुमार निषाद (23 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल इलाज के लिए बीएम शाह अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों के प्रयास के बावजूद रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे उसने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीएसपी निशांत पाठक ने बताया कि शुरुआती जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और वाहन के अनियंत्रित होने की बात सामने आ रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और हादसे से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जानकारी जुटाई जा रही है। एक झटके में दो युवकों की मौत से परिवारों



में चीख-पुकार मची हुई है। हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों को सामने ला दिया है

बालोद जिले के डौंडी थाना क्षेत्र के मड़ियाकट्टा गांव में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में राज मिस्त्री की मौके पर ही मौत हो गई। काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे मिस्त्री की बाइक को तेज रफ्तार स्कार्पियो ने जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक परस राम पिस्दा (42 वर्ष), निवासी ग्राम कोटागांव अपने घर से परसोदा गांव में मिस्त्री का काम करने गया हुआ था। देर रात काम खत्म करने के बाद वह बाइक से वापस अपने घर लौट रहा था।

# कांकेर में ओवरटेक को लेकर बवाल

**कांकेर,7 सितंबर।** कांकेर में ओवरटेक को लेकर बस चालक और कार सवार युवकों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। विवाद के बाद कांग्रेस विधायक सावित्री मंडावी के बेटे और जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अमन मंडावी पर बस ड्राइवर और कंडक्टर से मारपीट करने के आरोप लगाए गए हैं। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। हालांकि, इस मामले में अब तक किसी भी पक्ष ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। ऐसे में पुलिस की ओर से फिलहाल किसी के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया गया है। सामने आए वीडियो में सड़क पर दोनों पक्षों के बीच बहस और विवाद होता दिखाई दे रहा है। वीडियो में बस चालक एक युवक की ओर इशारा करते हुए आरोप लगाता नजर आ रहा है कि युवक शराब के नशे में वाहन चला रहा था और उसने पहले उसके साथ मारपीट की। वीडियो में मौके पर पुलिसकर्मी भी नजर आ रहे हैं और दोनों पक्षों को थाने आकर अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए कहते दिखाई दे रहे हैं।

**कांग्रेस विधायक के बेटे पर बस ड्राइवर-कंडक्टर से मारपीट का आरोप**

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अमन मंडावी को थाने लेकर गई, जहां दोनों पक्षों से घटना के संबंध में जानकारी ली गई। इसके बाद सुबह उन्हें छोड़ दिया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को विवाद समाप्त करने और यदि कोई शिकायत है तो थाने में दर्ज कराने के लिए कहा। घटना को लेकर बस चालक नीलम सिन्हा ने बताया कि शनिवार देर रात वह बस लेकर मस्जिद चौक की ओर से गुजर रहे थे। इसी दौरान ओवरटेक करने को लेकर कार सवार युवकों ने बस को रोक लिया। नीलम सिन्हा के मुताबिक इसके बाद उनके साथ मारपीट की गई। हालांकि, मामले के दूसरे पक्ष की ओर से लगाए गए आरोपों को लेकर पुलिस में फिलहाल कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं हुई है।

कांकेर कोतवाली थाना प्रभारी जितेंद्र साहू ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच विवाद की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाइश दी और शिकायत दर्ज कराने के लिए थाने बुलाया था। थाना प्रभारी के मुताबिक अब तक किसी भी पक्ष ने लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। शिकायत मिलने के बाद ही पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी।

## कत्लखाने ले जा रहे 15 मवेशी बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग,7सितंबर।** मवेशियों को कत्लखाने ले जाने वाले दो आरोपियों को दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अपनी आयशर गाड़ी से मवेशियों को मध्यप्रदेश के सागर स्थित कत्लखाने ले जा रहा था। जांच के दौरान पुलिस ने 15 मवेशियों सहित गाड़ी को जब्त किया है। पूरा मामला धमधा थाना क्षेत्र का है। दरअसल धमधा थाना क्षेत्र में 5 सितंबर को गौसेवकों के माध्यम से सूचना मिली कि धमधा की ओर एक आइसर वाहन में मवेशियों को अवैध रूप से बिना पर्याप्त चारा-पानी के ठूंस-ठूंसकर भरकर कत्लखाने ले जाया जा रहा है।

# 'नमस्ते' योजना में छत्तीसगढ़ संयुक्त रूप से देश में प्रथम

**रायपुर. 7 सितम्बर.** सीवर एवं सेप्टिक टैंक कर्मियों की सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता कार्यों में मशीनीकरण को बढ़ावा देने में छत्तीसगढ़ ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार की 'नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम' (NAMASTE) योजना के अंतर्गत राज्यों के प्रदर्शन की रैंकिंग में छत्तीसगढ़ ने संयुक्त रूप से देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छत्तीसगढ़ के साथ आंध्रप्रदेश, ओडिशा, त्रिपुरा, उत्तरप्रदेश और केंद्रशासित प्रदेश पुदुचेरी 'नमस्ते' योजना के क्रियान्वयन में संयुक्त रूप से देश में पहले स्थान पर हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने इस उपलब्धि पर नगरीय निकायों, विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों व 'नमस्ते' योजना के क्रियान्वयन से जुड़े सभी मैदानी अमले को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा, सम्मान और बेहतर कार्य परिस्थितियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। स्वच्छता कार्यों में मशीनीकरण को बढ़ावा देकर जोखिमपूर्ण कार्यों को समाप्त करना और स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण कार्य का वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ का 'नमस्ते' योजना के क्रियान्वयन में संयुक्त रूप से राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना स्वच्छता कर्मियों के सत्यापन, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, व्यावसायिक सुरक्षा प्रशिक्षण, सामाजिक सुरक्षा, आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था और स्वच्छता कार्यों के मशीनीकरण के लिए यहां किए जा रहे कार्यों की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## कभी लिट्टे का अभेद किला, वहां भारत ने की बड़ी डील

**नई दिल्ली,7 सितंबर।** हिंद महासागर में भारत ने एक ऐसी रणनीतिक चाल चली है जिसने पड़ोस में पैर पसार रहे चीन के होश उड़ा दिए। श्रीलंका का वो इलाका जो कभी लिट्टे का अभेद किला हुआ करता था और जहां दशकों तक गृह युद्ध की आग दहकी अब वहां भारत विकास का नया अध्याय लिखने जा रहा है। खबर आ रही है कि भारत और श्रीलंका एक बहुत बड़े और रणनीतिक समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब पहुंच गए हैं। इस डील के तहत श्रीलंका के उत्तरी तट पर स्थित कांकेन संतराई पोर्ट को अब भारत विकसित करेगा।

# अमित शाह बोले - अब छोटे तस्कर नहीं, ड्रग्स के पूरे नेटवर्क पर वार

**नई दिल्ली,7 सितंबर।** केंद्र सरकार ने भारत को नशामुक्त बनाने के लिए बड़ा रोडमैप तैयार किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य 2029 तक देश को नशामुक्त बनाना है। अमित शाह ने साफ कहा कि अब नशे के खिलाफ लड़ाई सिर्फ छोटे तस्करों और आरोपियों को पकड़ने तक सीमित नहीं रहेगी। सरकार का फोकस अब ड्रग्स की पूरी सप्लाई चेन और उसके पीछे बैठे बड़े नेटवर्क तक पहुंचने पर है। शाह के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य 'नशामुक्त युवा शक्ति' तैयार करना है, ताकि युवा भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान को आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई की तरह गंभीरता से चलाया जा रहा है। सरकार ने इसके लिए NCORD, राज्य स्तरीय एंटी-नारकोटिक्स



टास्क फोर्स और जांच एजेंसियों के बीच तालमेल बढ़ाया है। MANAS हेल्पलाइन और NCB को भी मजबूत किया जा रहा है। ड्रग्स नेटवर्क पर नजर रखने के लिए सरकार ने NIDAN डेटाबेस तैयार किया है। इसके जरिए संदिग्ध नेटवर्क, ड्रग हॉटस्पॉट और तस्करी के रास्तों की पहचान की जा रही है। अमित शाह ने कहा कि जांच एजेंसियां अब छोटे ड्रग्स केस से उसके बड़े सप्लायर तक और बड़े कंसाइनमेंट से खरीदारों तक पहुंचने की रणनीति पर काम कर रही हैं।

# NSUI प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत

**रायपुर,7 सितंबर।** NSUI छत्तीसगढ़ अध्यक्ष नीरज पांडेय पर 29 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है. पीड़ित का आरोप है कि नीरज पांडेय ने अलग-अलग काम दिलाने का भरोसा देकर उससे कई बार रकम ली गई, लेकिन काम पूरे नहीं किए गए. हालांकि, नीरज पांडेय ने पीड़ित के आरोपों को गलत बताया है. जानकारी के अनुसार, पीड़ित राजू सोनकर ने पुरानी बस्ती थाने के साथ-साथ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला से में शिकायत की है. पीड़ित राजू सोनकर ने अपनी शिकायत में नीरज पांडेय के साथ उनके भाई दीपक पांडेय और चाचा इंद्रासन पांडेय के नाम भी शामिल किए हैं. उसका दावा है कि उसे अपनी पत्नी के लिए मंत्रालय में नौकरी दिलाने और रेत खदान का काम दिलाने का भी भरोसा दिया गया था.इसके अलावा सिप्ला कंपनी की एजेंसी या डीलरशिप दिलाने की बात कहकर भी रकम लिए जाने का आरोप है. पीड़ित ने अलग-अलग भुगतान और बैंक ट्रांजेक्शन का भी जिक्र किया है.



रायपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति कृष्ण राम महापात्र का शपथ ग्रहण समारोह आज लोकभवन के छत्तीसगढ़ मंडपम में आयोजित किया गया। समारोह में उन्होंने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीशगण, मंत्रीगण व विधायकगण , रजिस्ट्रार जनरल, पी.पी.एस., प्रोटोकॉल ऑफिसर, प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज, रायपुर सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# पेरिस में बने हिंदू मंदिर का पीएम मोदी ने किया लोकार्पण

**पेरिस,7 सितंबर।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में हिंदू मंदिर बना है। बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर का पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित तरते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उम्मीद जताई कि पेरिस में बना यह भव्य मंदिर सदियों तक दोनों देशों के बीच सहयोग और अवसरों के प्रतीक के रूप में खड़ा रहेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मंदिर भारत-फ्रांस संबंध को नई ऊंचाईयों पर ले जाएगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा भारत और फ्रांस के संबंध पुराने सांस्कृतिक-राजनैतिक संबंधों की मजबूत बुनियाद पर टिकी है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में भारत और फ्रांस के संबंध नयी ऊंचाइयों पर पहुंचे हैं। मेरे मित्र राष्ट्रपति (इमैनुएल) मैक्रों के साथ मिलकर दोनों देश विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रक्षा, अंतरिक्ष और जलवायु कार्रवाई जैसे क्षेत्रों में भारत और फ्रांस नयी गति और नयी ऊर्जा के साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं।

# जीत ही लेंगे बाजी हम, जब देशवासी हैं संग...

## विकसित भारत 2047 : खेलकूद में भारत को विश्व के प्रथम दस देशों में लाने का लक्ष्य

**आलेख.. जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टीवी कमेंटेटर, रायपुर. छ ग**

आज की युवा पीढ़ी के समक्ष जब भारत को आने वाले कल के लिए खेलकूद की दुनिया में अग्रणी देश होने की उम्मीद जताई जाती है तो उन्हें एकाएक यकीन नहीं होता। इसकी वजह आधुनिक युग के युवाओं का 1947 की स्वतंत्रता के बाद भारतीय को खेलों में मिली सफलता का आकलन करना है। अगर हम 1947 के बाद भारतीय खिलाडि़यों के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शन का सिलसिलेवार अध्ययन करेंगे तो स्पष्ट कि हमारे खिलाड़ियों का स्तर कल जहां था 2012 में उससे कुछ ठीक ठाक है। केंद्र सरकार किसानों, मजदूरों, महिलाओं, गरीबों के उत्थान के लिए कार्य करती रही है। वह उनके लिए रोटी, कपड़ा मकान की समस्या से उबारने में लगी रही लेकिन दूसरी तरफ खेलों के संसार में अपने देश के बच्चे, किशोरों और युवाओं की खेल प्रतिभा को संवारने से कही न कही चूक गई और ना जाने कितने प्रतिभाशाली खिलाडि़यों को न्याय नहीं मिला. 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के गठन के साथ ही देश की अनेक ज्वलंत समस्याओं के साथ साथ हमारे देश के उभरते, उदयीमान खिलाडि़यों के लिए खेल का ऐसा वातावरण बनाया कि आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में स्थान बनाने में भारतीय खिलाड़ी लगातार कामयाब होते जा रहे हैं। वस्तुतः प्रधानमंत्री की स्वयं की इच्छाशक्ति और हमारे देश के नौनिहालों की प्रतिभा पर उनके विश्वास ने उन्हें आसमान को छू लेने वाली अदृश्य ताकत प्रदान कर दी है . प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमीनी खेल प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें अत्याधुनिक तरीके से प्रशिक्षित करने के लिए खेलों इंडिया जैसे कार्यक्रम को पूरे भारत में लागू किया. आज भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), विभिन्न राज्यों के खेल मंत्रालय द्वारा केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के नेतृत्व में केंद्रीय खेल मंत्रालय के पदाधिकारियों के साथ मिलकर पूरे देश में खेलकूद का सकारात्मक माहौल बनाया गया है उससे भारत के खिलाडि़यों को विश्वस्तरीय चैंपियन बनने का भरोसा हो चला है। भारत सरकार द्वारा 2036 के ग्रीष्मकालीन आधुनिक ओलंपिक खेलों के आयोजन को भारत के अहमदाबाद में करवाने की पूरी कोशिश की जा रही है . आधुनिक ओलंपिक खेल याने दुनिया की सबसे कठिन प्रतियोगिता में सफलता मिलना आसान नहीं होता है इसके लिए 10 से 14 वर्ष की उम्र के उदयीमान खिलाड़ियों को कम से कम 06 से 08 वर्ष तक के कड़े परिश्रम से तैयार किया जाता है. अतः इस दौर से गुजरने के लिए न सिर्फ खिलाडि़यों बल्कि प्रशिक्षकों यहां तक अभिभावकों को भी मानसिक रूप से तैयार रहना होगा। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि जिस तरह प्रधानमंत्री की देखरेख में हमारे देश के खिलाडि़यों को विश्व स्तर का बनाने का अभियान चलाया जा रहा है वह प्रयास बेहद प्रशंसनीय है। अब हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि जिन खेलों में हमारे खिलाड़ी अब तक ओलंपिक/एशियाड/राष्ट्रमंडल तथा कई खेलों की एशियाई चैंपियनशिप में अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने में असफल हो जाते हैं उन पर अधिक मेहनत करनी होगी। 2024 पेरिस ओलंपिक में 32 खेलों के 329 इवेंट हुए। भारतीय खिलाडि़यों ने सिर्फ16 खेलों में भाग लेने की योग्यता हासिल की। इसी तरह 2022 के एशियाड में 40 खेलों में 481 इवेंट हुए। जिसमें भारत ने 35 खेलों में भाग लिया। इस तरह अब समय आ गया है कि हमें युवा पीढ़ी को यह समझाना होगा कि अब किसी खास खेल में नहीं परंतु अलग-अलग खेलों में भाग लेना होगा। 2022 के एशियाड में भारत के खिलाडि़यों ने 28 स्वर्ण, 38 रजत तथा 40 कांस्य सहित 106 पदक जीता था। जिसमें 328 महिलाएं व 333 पुरुष खिलाड़ी थे। आगामी 2026 के एशियाड में भारत के खिलाड़ियों द्वारा 36 खेलों में भाग लेने की संभावना है जिसमें 269 पुरुष और 234 महिला खिलाड़ी हैं। भारतीय खिलाडि़यों को इन दिनों बेहतर से बेहतर सुविधाएं और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है अतः उम्मीद की जा रही है कि 2026 के एशियाड में 2022 के मुकाबले अधिक सफलता मिलनी चाहिए। हमारे खिलाडि़यों का मनोबल ऊंचा है। विशेषकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खिलाडि़यों को प्रोत्साहन देने की जो परंपरा आरंभ की है वह हमारे देश के खिलाडि़यों में जीत ही लेंगे बाजी हम की भावना को बलवती प्रदान करती है।

# शिक्षक दिवस पर विधायक ने पंडरिया विधानसभा के शिक्षकों का किया अभिनंदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 7 सितंबर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर पंडरिया विधानसभा में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों के सम्मान में पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय ग्राम उड़ियाकला में विधानसभा स्तरीय शिक्षा अभिनंदन समारोह 2026 का आयोजन किया गया। इसके साथ ही पंडरिया विधानसभा के समस्त शासकीय व शिशु मंदिर विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने और उन्हें ड्रोन, रोबोटिक्स,.द्व व 3ष्ट आर्ट जैसे अत्याधुनिक शिक्षकीय सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भावना दीदी की साइंस पाठशाला के प्रथम कार्यशाला का भी आयोजन किया गया जहाँ शिक्षकों ने उसमें उपलब्ध अत्याधुनिक ड्रोन, रोबोट व शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन किया। इस भावना दीदी की साइंस पाठशाला के माध्यम से प्रतिवर्ष विधानसभा क्षेत्र के लगभग 5000 छात्र-छात्राओं को भविष्य की टेक्नोलॉजी और आधुनिक शिक्षा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है ताकि ग्रामीण परिवेश में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी आधुनिक शिक्षा से जुड़कर अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हों। इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने कार्यक्रम में मंच से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के 67 शिक्षकों को उनकी उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाओं के लिए सम्मानित सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। समारोह में पंडरिया विधानसभा के सभी सातों मंडल अंतर्गत सितम्बर 2025 से अगस्त 2026 के मध्य सेवानिवृत्त हुए 50 शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। वहीं, वनांचल एवं दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए विशेष योगदान देने वाले हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2026 अंतर्गत 8 शिक्षा दूत एवं 1 ज्ञान दीप पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों को भी उनके समर्पण और सेवाभाव के लिए सम्मानित किया गया तथा बोर्ड परीक्षा में जिं विद्यालयों में 100 प्रतिशत विद्यार्थियों उत्तीर्ण हुए हैं उन 8 विद्यालयों के प्राचार्यों को भी सम्मानित कर उनका अभिनंदन किया गया। वहीं पंडरिया विधानसभा के अलग-अलग विकासखंड के लगभग 1600 से अधिक शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इन शिक्षकों की उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत और लगन का प्रमाण है, बल्कि विद्यार्थियों के प्रति उनकी जिम्मेदारी और शिक्षा के प्रति समर्पण को भी दर्शाती है।इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि शिक्षक समाज के सबसे महत्वपूर्ण शिल्पकार हैं। वे केवल विद्यार्थियों को किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि उनमें संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और जीवन के मूल्यों का निर्माण करते हैं। एक शिक्षक द्वारा तैयार किया गया विद्यार्थी आगे चलकर परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाता है। इसलिए शिक्षक का सम्मान वास्तव में ज्ञान, संस्कार और राष्ट्र निर्माण का सम्मान है। इस अवसर पर जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षकगण व उनके परिजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



## एक नजर

### 34 लाख की धोखाधड़ी,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 7 सितम्बर (तछसं.)।** भिलाई सनस्ट एनर्जी साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड मुम्बई महाराष्ट्र ने प्रार्थी के फर्म को बाजार दर पर कम दाम पर सोलर पैनल प्रदाय कर ग्राहकों को लगाने के लिए बताकर 34 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है सुपेला पुलिस ने बताया कि नवीन कुमार सिंह (29 साल ) निवासी खुर्सीपार मकान नं. 45 बापूनगर जोन 2 वार्ड-33 सेक्टर-11 ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 जून को उसके मोबाइल में फोन आया जो अपना नाम स्नेहा बताकर कहा कि हम लोग सोलर पैनल बिक्री का कार्य करते है। हर प्रकार का सोलर पैनल देने की बात कही और अपने मैनेजर कमलेश पाटिल से भी कॉल से बात कराया और ऑर्डर संबंधित जानकारी दी एवं रेट फाइनल करवाया प्रार्थी के द्वारा रकम ज्यादा होने की वजह से अन्य पार्टियो से बात कर आपस में सलाह कर सबसे रकम इकट्ठा कर अलग-अलग तारीख में कुल 34 लाख रुपए कंपनी को भुगतान किया जो कंपनी ने समय पर सोलार माड्यूल भेजने का नियत तिथि में नहीं भेजा। हर बार किसी प्रकार का बहाना बनाकर टाल मटोल कर आज दिनांक तक प्रार्थी को सामान नहीं पहुंचाया गया है। रिपोर्ट पर मामले में पुलिस ने सनस्ट एनर्जी साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड मुंबई के सेल्स एक्यूटस, मैनेजर कमलेश पाटिल पर मामले में धारा 3 (5), 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### नाबालिग की हादसे में मौत

**भिलाई, 7 सितम्बर (तछसं.)।** जन्माष्टमी के अवसर पर मटकी फोड़ कार्यक्रम देखने अपने साथियों के साथ ट्रेन से डोंगरगढ़ जा रहे भिलाई के एक नाबालिग किशोर की हादसे में मौत हो गई घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है हादसे में किशोर रेलवे ट्रैक के किनारे लगे पोल से टकरा गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई स्मृति नगर चौकी पुलिस ने बताया कि शारदापारा कैम्प-1 निवासी नाबालिग किशोर रात अपने साथियों के साथ ट्रेन से डोंगरगढ़ मटकी फोड़ कार्यक्रम देखने जा रहा था इसी दौरान डोंगरगढ़ क्षेत्र में बटालियन के सामने शराब भट्ठी के पीछे अप रेलवे ट्रैक पर वह पोल से टकरा गया टक्कर इतनी गंभीर थी कि किशोर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद संबंधित पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पंचनामा कार्रवाई के लिए सुपेला अस्पताल की मरच्यूरी में शिफ्ट कराया गया हादसे की परिस्थितियों को लेकर जांच जारी है।

### युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**भिलाई, 7 सितम्बर (तछसं.)।** भिलाई पुलगांव थाना क्षेत्र के पिसेगांव बोरई निवासी पूजा ठाकुर (28 साल ) ने साड़ी का फंदा बनाकर पेड़ से फांसी लगा ली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया पुलगांव थाने पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को जिला अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया है आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है मामले की जांच जारी है

# उतई, सेलूद क्षेत्र में पोला तिहार की रौनक,गांव गांव में कुम्हार बेच रहे नदिया बैल और पोला



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,7 सितंबर।** पोला तिहार को लेकर उतई सेलूद अंडा क्षेत्र के गांवों में उत्साह और रौनक दिखाई देने लगी है। पोला पर्व के नजदीक आते ही गांवों की गलियों और बाजारों में कुम्हारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के नदिया बैल और पोला जांता की बिक्री शुरू हो गई है। बच्चे और ग्रामीण इन पारंपरिक खिलौनों की खरीदारी करते नजर आ रहे हैं।

कुम्हार परिवार पोला तिहार को ध्यान में रखते हुए कई दिनों पहले से मिट्टी के नदिया बैल, पोला जांता और अन्य पारंपरिक सामग्री तैयार करने में जुट जाते हैं। इसके बाद वे इन्हें गांव-गांव जाकर या गांव के बाजार और गलियों में सजाकर बेचते हैं। रंग-बिरंगे नदिया बैल बच्चों को खास तौर पर आकर्षित कर रहे हैं।

पोला तिहार छत्तीसगढ़ की कृषि और ग्रामीण संस्कृति से जुड़ा प्रमुख पर्व है। इस अवसर पर किसान अपने बैलों को नहलाकर, सजाकर उनकी पूजा करते हैं और उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। वहीं बच्चे मिट्टी के नदिया बैल की पूजा कर पोला की परंपरा में शामिल होते हैं।

त्योहार को लेकर घरों में भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। महिलाएं पारंपरिक पकवान ठेठरी-खुरमी बनाने की तैयारी में जुटी हैं। गांवों की गलियों में पोला की चर्चा और पारंपरिक सामान बेचते कुम्हारों के कारण माहौल पूरी तरह त्योहारमय नजर आने लगा है आधुनिक दौर में भी कुम्हारों द्वारा मिट्टी से बनाए जाने वाले नदिया बैल और पोला जांता पोला तिहार की पुरानी परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। इनके जरिए न केवल बच्चों को छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति से जोड़ने का अवसर मिलता है, बल्कि कुम्हार परिवारों को भी त्योहार के समय रोजगार और आय का सहारा मिलता है।

### बीएसपी ने अगस्त में बनाए कई नए उत्पादन रिकॉर्ड

**भिलाई, 7 सितम्बर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने अगस्त में विभिन्न उत्पादन एवं प्रेषण मानकों में अब तक के सर्वश्रेष्ठ अगस्त रिकॉर्ड दर्ज किए। ओएचपी ने 21.97 लाख टन मटेरियल हैंडलिंग तथा सिंटर प्लांट ने 7.60 लाख टन सिंटर उत्पादन कर पुराने रिकॉर्ड पीछे छोड़े। ब्लास्ट फर्नेस-8 ने 2.49 लाख टन हॉट मेटल और संयंत्र ने कुल 5.04 लाख टन हॉट मेटल का उत्पादन किया। कुल क्रूड स्टील उत्पादन 4.83 लाख टन रहा। यूआरएम ने 1.38 लाख टन फिनिश्ड रेल तथा 1.28 लाख टन प्राइम रेल का उत्पादन कर नए रिकॉर्ड बनाए। रेल प्रेषण में भी बीएसपी ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इंडियन रेलवे के लिए 1.24 लाख टन रेल लोडिंग तथा 119 पैनल रेक प्रेषित किए गए। वहीं फिनिश्ड प्लेट उत्पादन 1.25 लाख टन रहा। अप्रैल से अगस्त 2026 तक संयंत्र ने 26.27 लाख टन हॉट मेटल, 25.11 लाख टन क्रूड स्टील और 20.27 लाख टन फिनिश्ड स्टील का उत्पादन किया।

# शोभायात्रा में दिखी यदुवंशी संस्कृति की झलक मटकी फोड़,राऊत नाचा रहा आकर्षण का केंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,7 सितंबर।** सर्व यादव समाज कबीरधाम की ओर से शनिवार को पारंपरिक गोविंदा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शहर में निकली शोभायात्रा में यादव समाज के लोगों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान जगह-जगह राऊत नाचा और अखाड़ा प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। 'जय यादव, जय माधव' के जयघोष से शहर का माहौल भक्तिमय नजर आया।सर्व यादव समाज के मीडिया प्रभारी संजय यादव ने बताया कि आयोजन की शुरुआत सुबह श्री राधाकृष्ण बड़े मंदिर में हवन-पूजन के साथ हुई। इसके बाद दही लूट में शामिल सदस्यों ने खेड़ा पति हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। दोपहर में अतिथियों ने पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा को रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री राधाकृष्ण बड़े मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ।

### 31 गोपी मटकी और 81 यादवों की टोली रही शामिल

संजय यादव ने बताया कि गोविंदा उत्सव की रैली में इस वर्ष 31 गोपी मटकी रखी गईं। आयोजन में 81 यादवों की टोली शामिल हुई। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस बार भी 20 फीट से अधिक ऊंचाई पर मटकी नहीं रखी गई। मटकी फोड़ने के दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोग आयोजन को देखने पहुंचे।

### तालाब की झांकी रही आकर्षण

इस वर्ष तालाब में तैयार की गई नई झांकी आयोजन का विशेष आकर्षण रही। झांकी देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी। वहीं यादव समाज की पारंपरिक संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए राऊत नाचा और अखाड़ा दलों ने अपनी प्रस्तुति दी। महिला यादव समाज की पदाधिकारी भी आयोजन में शामिल रहीं।

### इन मार्गों से होकर गुजरी शोभायात्रा

शोभायात्रा श्री राधाकृष्ण बड़े मंदिर से शुरू होकर करपात्री चौक, शीतला मंदिर चौक, हरदेव लाला, ठाकुर पारा, सराफा लाइन, दर्री पारा, ठाकुर देव चौक, नवीन बाजार, गांधी मैदान, वीर स्तंभ चौक, गायत्री मंदिर चौक, अंबेडकर पार्क, राजमहल चौक, बूढ़ा महादेव मंदिर, कचहरी पारा और यूनियन चौक होते हुए श्री राधाकृष्ण बड़े मंदिर पहुंची। शीतला मंदिर से मटकी रखने वाली गोपियों की टोली मुख्य बाजार और सराफा लाइन होते हुए गांधी मैदान पहुंची। इस दौरान राऊत नाचा, अखाड़ा प्रदर्शन और महिला यादव समाज की सहभागिता ने कार्यक्रम को और भव्य बना दिया। सर्व यादव समाज कबीरधाम के पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले शहर एवं जिलेवासियों का आभार जताया।

## समाचार संक्षेप

### राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज ने शिक्षकों का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 7 सितम्बर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी के नेतृत्व में शिक्षकों के घर पहुंचकर उनका सम्मान किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र कुमार दुबे के निवास पहुंचकर उन्हें शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। शिक्षिका श्रीमती कविता शर्मा का भी शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया। संचालन डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही ने किया। प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित शर्मा, महिला मंच प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती नविता शर्मा, शहर अध्यक्ष हेमंत तिवारी, बृजमोहन तिवारी, मुकेश तिवारी, नंदकिशोर शर्मा, रमेश शर्मा, संजय पांडेय, काजल मिश्रा, किरण शर्मा एवं कांता जोशी सहित समाज के अन्य सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### जामुल में गुरुजनों का सम्मान कर मनाया शिक्षक दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जामुल, 7 सितम्बर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को गुरुजी विधायक राजमहंत डोमन लाल कोरसेवाड़ा का आशीर्वाद लेकर शिक्षक दिवस का पर्व मनाया गया। इस दौरान राजधानी संगठन संभाग प्रभारी (किसान मोर्चा) रेखराम बंछोर, मंडल अध्यक्ष बंटी गुप्ता, महामंत्री ओमप्रकाश साहू, यूथ मेजर यशवंत राजपूत एवं विधायक के प्रिय किसान राम किशुन पटेल ने गुरुजी से आशीर्वाद लेकर शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### भिलाई विद्यालय में शिक्षकों का सम्मान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 सितम्बर।** भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में शिक्षक दिवस पर शिक्षक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने शिक्षकों को सम्मानित किया। विद्यालय की प्रथम वार्षिक पत्रिका प्रिज्म का विमोचन भी हुआ। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में विशिष्ट प्रतिभा होती है, जिसे पहचानकर उचित दिशा देना विद्यालय का दायित्व है। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। प्राचार्य विजय सिंह पवार सहित विद्यालय के शिक्षक एवं पालक समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### बीएसपी में सुरक्षा ई-पत्रिका का शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 सितम्बर।** भिलाई इस्पात संयंत्र की अगस्त की सुरक्षा पहलों पर आधारित ई-पत्रिका का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस एवं सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के सदस्य उपस्थित रहे। ई-पत्रिका सुरक्षा गतिविधियों और जमीनी प्रयासों को डिजिटल मंच पर प्रस्तुत करने के साथ संयंत्र में सुरक्षा को दैनिक व्यवहार का हिस्सा बनाने का संदेश देती है।

### अजमलुद्दीन हैदर अशरफी का दूसरा सालाना उर्स 8 को

**भिलाई, 7 सितम्बर।** जामा मस्जिद सेक्टर-6 के साबिक इमाम हाफिज सैयद अजमलुद्दीन हैदर अशरफी का दूसरा सालाना उर्स उर्स-ए-आबरू-ए-इमामत 8 सितंबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंगलवार रात ईशा की नमाज के बाद जामा मस्जिद सेक्टर-6 में विशेष महफिल आयोजित होगी। इसमें तकरीर, नात-मनकबत, फातिहा ख्वानी एवं दुआ-ए-खैर होगी। आयोजकों ने अकीदतमंदों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



# छत्तीसगढ़ महतारी हमारी संस्कृति और अस्मिता की पहचान:विजय बघेल




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 सितम्बर।** हथखोज में नव जागृति दुर्गोत्सव समिति, श्री राम सेवा समिति, हमर हरियर भुइंया समिति एवं अजय नव जागृति शीतला सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापना एवं अनावरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण कर विधिवत पूजा-अर्चना की। संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी हमारी संस्कृति, परंपरा, पहचान और अस्मिता का प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा की स्थापना से अपनी माटी और संस्कृति के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना और मजबूत होगी। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर, तेजपाल, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष सुकालू मढ़रिया, पार्षद राकेश बंछोर, पुनीत साहू, पंचू यादव, भिखु बंछोर, द्रोण वर्मा, अजय बंछोर, सुरजीत वर्मा, आशीष, रोशन, देवेंद्र साहू, शरद, राजा, नागेश यमन, प्रेम सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# काउ कैचर अभियान का विरोध,महिला पर मामला दर्ज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 सितम्बर।** नगर निगम द्वारा आवारा मवेशियों को पकड़ने और यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे काउ कैचर अभियान के दौरान शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में खुर्सीपार थाना पुलिस ने एक महिला के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है।निगम की शिकायत के अनुसार 5 सितंबर को काउ कैचर दल द्वारा खुर्सीपार क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 46 में रामचंद्र होटल के सामने सार्वजनिक सड़क से चार लावारिस गाय.बछड़ों को पकड़ने की कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान वहां मौजूद एक महिला ने निगम की कार्रवाई का विरोध करते हुए कर्मचारियों से विवाद किया और पकड़े गए मवेशियों को वाहन से उतारने का दबाव बनाया। शिकायत में महिला पर निगम के शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने के साथ कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार एवं धमकी देने का आरोप लगाया गया है। घटना की जानकारी निगम के नोडल अधिकारी ने उच्च अधिकारियों को दीए जिसके बाद शिकायत खुर्सीपार थाने में प्रस्तुत की गई। पुलिस ने प्रथम दृष्ट्या अपराध घटित होना पाए जाने पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# शहादत दिवस पर अमर शहीद दुर्वासा लाल निषाद को दी गई श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उतई,7 सितंबर।** ग्राम देवरी (ख) में कारगिल युद्ध के दौरान मातृभूमि एवं भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीद दुर्वासा लाल निषाद की 26वीं शहादत दिवस के अवसर पर शुक्रवार, 4 सितंबर 2026 को श्रद्धांजलि एवं शहादत समारोह का आयोजन श्रद्धा और सम्मान के साथ किया गया। कार्यक्रम में शहीद की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई तथा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ शहीद का सम्मान किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर, उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग एवं राज्य मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन ने अमर शहीद दुर्वासा लाल निषाद को नमन करते हुए कहा कि देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर जवान और उनके परिवार पूरे देश के लिए सम्मान और गौरव के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि भारत देश के सभी शहीद परिवारों को नमन है और शहीद परिवारों का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता और उनकी वीरगाथा आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की प्रेरणा देती रहेगी।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद ने अमर शहीद दुर्वासा लाल निषाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि शहीद दुर्वासा लाल निषाद ने अपने गांव और परिवार का नाम रोशन किया है। कारगिल युद्ध के दौरान उन्होंने मातृभूमि एवं भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनकी वीरता, साहस और देशभक्ति सदैव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगी। विधायक ने कहा कि अमर शहीद ने देश की सेवा करते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका त्याग केवल देवरी गांव ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। उन्होंने शहीद परिवार के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे परिवारों के त्याग को समाज हमेशा याद रखेगा।समारोह के दौरान अमर शहीद दुर्वासा लाल निषाद के परिजनों का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। शहीद के पिता मुनीलाल निषाद एवं माता बोधनी बाई निषाद सहित परिवार के सदस्यों का सम्मान कर उनके त्याग और बलिदान को नमन किया गया।इसके साथ ही स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं वरिष्ठ नागरिकों को भी सम्मानित किया गया। बच्चों के सम्मान से समारोह में उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला।

### गांव के विकास की मांग, विधायक ने दिया आश्वासन

समारोह के दौरान ग्राम पंचायत की ओर से गांव के विकास से संबंधित विभिन्न मांगें भी अतिथियों के समक्ष रखी गईं। सरपंच कुसुम प्रमोद देशमुख एवं सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद देशमुख ने गांव में आवश्यक विकास कार्यों के साथ सतनामी समाज के जैतखाम के सौंदर्यीकरण सहित अन्य विकास कार्यों की मांग रखी। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि गांव के विकास के लिए आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देवरी (ख) के विकास के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

### स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन

शहादत दिवस समारोह के अवसर पर श्री सिद्धिविनायक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। अस्पताल की विशेषज्ञ टीम द्वारा ग्रामीणों का सामान्य चिकित्सा परीक्षण, बीपी एवं बीएमआई की जांच की गई। वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. हर्षिता तिवारी ने दंत जांच कर लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया।कार्यक्रम में तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, विरेन्द्र साहू, बालमुकुंद देवांगन, पूर्व विधायक गुंडरदेही, कांति सोनेश्वरी, सदस्य जिला पंचायत बालोद, पुरुषोत्तम चंद्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुंडरदेही, कुलदीप साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल ओटेबंद सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, शहीद परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 10 एमएलडी प्लांट की पाइपलाइन से जुड़ेगी नई लाइन, आज शाम जलापूर्ति प्रभावित

**राजनांदगांव 7 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मोहारा बस्ती में सुचारू पेयजल सप्लाई के लिए 10 एमएलडी प्लांट के राईजिंग पाईप लाईन में पाईप लाईन जोडने के कारण इंदिरा नगर टंकी (क्षमता 15.00 लाख लीटर) से कल दिनांक 07 सितम्बर 2026 दिन सोमवार को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 8 सितम्बर मंगलवार सुबह से पानी सप्लाई यथावत रहेगी। टंकी सफाई की कडी में साफपेयजल सप्लाई के लिए इसी माह से टंकियो की सफाई भी कराई जायेगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने बताया कि मोहारा बस्ती के ऊचाई क्षेत्र जहाॅ टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई होती है। वहाॅ पानी सप्लाई के लिए 15वें वित्त आयोग योजनांतर्गत पाईप लाईन बिछाया गया है, जिसे 10 एमएलडी फिल्टर प्लांट के राईजिंग पाईप लाईन से जोडा जाना है। पाईप लाईन जुड जाने से मोहारा बस्ती के ऊचाई क्षेत्र में सुचारू पेयजल सप्लाई होगी। उन्होंने बताया कि उक्त पाईप लाईन जोडने के कारण इंदिरा नगर टंकी (क्षमता 15 लाख लीटर):- इंदिरा नगर वार्ड, चैखड़िया पारा, नंदई, हिरामोती लाईन, गंज लाईन, ब्राम्हणपारा, पठानपारा, उदयाचल, दुर्गा चैक, दिग्विजय कालेज रोड़, दिवानपारा, सतनामी पारा, सेठीनगर, मोहारा, बजरंगनगर क्षेत्र में कल 7 सितम्बर सोमवार की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी, 8 सितम्बर मंगलवार को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है। आयुक्त श्री मरकाम ने जानकारी दी कि साफएवं स्वच्छ पेयजल सप्लाई के लिए मोहारा फिल्टर प्लांट के सीएफएल तथा निगम सीमाक्षेत्र स्थित टंकियो की भी सफाई साल में दो बार कराई जाती है। सफाई की कडी में इसी माह से सभी टंकियो की सफाई पुनः कराई जायेगी, ताकि नागरिको को साफ व स्वच्छ पेयजल मिल सके।

### 'नमस्ते' योजना में छत्तीसगढ़ संयुक्त रूप से देश में प्रथम

**रायपुर 7 सितंबर।** सीवर एवं सेप्टिक टैंक कर्मियों की सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता कार्यों में मशीनीकरण को बढ़ावा देने में छत्तीसगढ़ ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार की 'नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम' योजना के अंतर्गत राज्यों के प्रदर्शन की रैंकिंग में छत्तीसगढ़ ने संयुक्त रूप से देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छत्तीसगढ़ के साथ आंध्रप्रदेश, ओडिशा, त्रिपुरा, उत्तरप्रदेश और केंद्रशासित प्रदेश पुदुचेरी 'नमस्ते' योजना के क्रियान्वयन में संयुक्त रूप से देश में पहले स्थान पर हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने इस उपलब्धि पर नगरीय निकायों, विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों व 'नमस्ते' योजना के क्रियान्वयन से जुड़े सभी मैदानी अमले को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा, सम्मान और बेहतर कार्य परिस्थितियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। स्वच्छता कार्यों में मशीनीकरण को बढ़ावा देकर जोखिमपूर्ण कार्यों को समाप्त करना और स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण कार्य का वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ का 'नमस्ते' योजना के क्रियान्वयन में संयुक्त रूप से राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना स्वच्छता कर्मियों के सत्यापन, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, व्यावसायिक सुरक्षा प्रशिक्षण, सामाजिक सुरक्षा, आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था और स्वच्छता कार्यों के मशीनीकरण के लिए यहां किए जा रहे कार्यों की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह उपलब्धि स्वच्छता कर्मियों के सम्मान, सुरक्षित स्वच्छता व्यवस्था और स्वच्छता कार्यों के दौरान होने वाली मृत्यु को शून्य करने की ओर छत्तीसगढ़ की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है।

### फसल परिवर्तन से बढ़ा उत्पादन और मुनाफा

**रायपुर, 7 सितंबर।** कभी पारंपरिक तरीके से खेती कर सीमित लाभ प्राप्त करने वाले किसान राजकुमार साहू ने खेती में बदलाव और आधुनिक तकनीक अपनाकर बरबटी एवं खीरा की खेती से बेहतर उत्पादन प्राप्त किया। इससे उन्होंने 2.70 लाख रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया। उनकी यह सफलता क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणादायक बन रही है। रायगढ़ जिले के खरसिया विकासखंड के ग्राम बाम्हनपाली निवासी किसान राजकुमार के पास 0.800 हेक्टेयर सिंचित भूमि है।

# टाटा पावर को समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस देने के विरोध में फेडरेशन

- मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग, कहा- निजी कंपनी के प्रवेश से सीएसपीडीसीएल की वित्तीय स्थिति पर पड़ेगा असर

**रायपुर 7 सितंबर।** रायपुर एवं आसपास की तहसीलों के उच्च राजस्व वाले क्षेत्रों में टाटा पावर कंपनी लिमिटेड को समानांतर विद्युत वितरण लाइसेंस दिए जाने के प्रस्ताव का ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन ने विरोध किया है। फेडरेशन ने मुख्यमंत्री से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए आम उपभोक्ताओं, किसानों, ग्रामीणों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा की मांग की है।

फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष टाटा पावर द्वारा रायपुर, धरसींवा, मंदिर हसौद और अभनपुर तहसीलों के क्षेत्रों में विद्युत वितरण लाइसेंस के लिए प्रस्तुत आवेदन का हवाला देते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में निजी कंपनी को वितरण का अधिकार मिलने से राज्य की सार्वजनिक वितरण कंपनी छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) की वित्तीय व्यवहार्यता प्रभावित हो सकती है।

फेडरेशन के अनुसार, राज्य की वितरण कंपनी के कुल राजस्व का लगभग 50 प्रतिशत औद्योगिक उपभोक्ताओं से प्राप्त होता है, जबकि करीब 30 प्रतिशत राजस्व रायपुर और आसपास के क्षेत्रों से आता है। ऐसे में उच्च राजस्व वाले उपभोक्ताओं का एक हिस्सा निजी वितरण कंपनी के पास जाने से सीएसपीडीसीएल के राजस्व आधार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

फेडरेशन ने कहा कि वर्तमान सार्वजनिक विद्युत वितरण व्यवस्था क्रॉस-सब्सिडी के सिद्धांत पर आधारित है। औद्योगिक और अन्य उच्च भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं से प्राप्त राजस्व के माध्यम से किसानों, घरेलू उपभोक्ताओं, ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को अपेक्षाकृत सस्ती बिजली उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। यदि लाभकारी उपभोक्ता निजी कंपनी के पास चले जाते हैं तो सार्वजनिक वितरण कंपनी के पास अधिक लागत वाले और कम राजस्व वाले क्षेत्र व उपभोक्ता रह सकते हैं। फेडरेशन ने आशंका जताई कि इससे सीएसपीडीसीएल के वित्तीय घाटे में वृद्धि, घरेलू बिजली दरों पर दबाव, किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ तथा कमजोर वर्गों को रियायती बिजली उपलब्ध कराने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। इसके साथ ही सरकार की सब्सिडी और बजटीय सहायता पर निर्भरता भी बढ़ सकती है।

फेडरेशन का कहना है कि रायपुर और आसपास की विद्युत वितरण व्यवस्था कई दशकों के सार्वजनिक निवेश और संसाधनों से विकसित हुई है। इसलिए निजी संस्था को इन क्षेत्रों में प्रवेश देने से पहले सार्वजनिक परिसंपत्तियों के उपयोग, नेटवर्क के रखरखाव, सीएसपीडीसीएल पर वित्तीय प्रभाव, क्रॉस-सब्सिडी व्यवस्था और उपभोक्ता हितों पर पड़ने वाले असर का पारदर्शी आकलन किया जाना चाहिए। फेडरेशन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि टाटा पावर के प्रस्तावित लाइसेंस का सीएसपीडीसीएल की वित्तीय स्थिति पर विस्तृत अध्ययन कराया जाए तथा किसानों, घरेलू उपभोक्ताओं और कमजोर वर्गों पर संभावित आर्थिक प्रभाव का आकलन किया जाए। साथ ही सार्वजनिक निवेश से निर्मित विद्युत अवसंरचना का उपयोग सार्वजनिक वितरण कंपनी की कीमत पर निजी व्यावसायिक लाभ के लिए न होने देने की मांग की गई है।

फेडरेशन ने कहा कि विद्युत एक आवश्यक सार्वजनिक सेवा है और इसका दायित्व केवल लाभ वाले क्षेत्रों तक सीमित नहीं किया जा सकता। राज्य की विद्युत वितरण व्यवस्था का भविष्य कुछ चुनिंदा औद्योगिक क्षेत्रों के व्यावसायिक हितों के आधार पर तय करने के बजाय आम नागरिकों, किसानों, ग्रामीण उपभोक्ताओं और कमजोर वर्गों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तय किया जाना चाहिए।

# खुमान महोत्सव की रंगारंग प्रस्तुति में दिखी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक

- कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां, लोक गीत, नृत्य और संगीत का आनंद लिया दर्शकों ने

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 7 सितंबर।** प्रख्यात लोक संगीतकार स्व. खुमानलाल साव की 97 वीं जयंती के अवसर पर बीती रात स्थानीय पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में खुमान महोत्सव का यादगार आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से आयोजन को सार्थकता प्रदान की।

मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कल्याण संघ राजनांदगांव द्वारा आयोजित प्रथम खुमान महोत्सव के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव थे। विशेष अतिथि के रूप में डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू, तुलसी मानस प्रतिष्ठान के जिला अध्यक्ष सुभाष यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गुलाब वर्मा और साहित्यकार कुबेर सिंह साहू उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति दीपेश साव के निर्देशन में चंदैनी गोंदा की टीम ने दी। शीर्षक गीत चदैंनी गोंदा फूलगे, मोर खेती खार रून झुन, वारे मोर पंड़की मैना और काबर तैं मारे (सबा ख़ान) गीतों ने आयोजन से दर्शकों को जोड़ा। सुमधुर गीत, सधे हुए संगीत और भाव नृत्यों ने खुमान साव की याद ताजा कर दी।

नरेंद्र कुमार साहू के निर्देशन में लोक सांस्कृतिक मंच मोर मयारू संगी के कलाकारों ने टेड़ेसरा वाले के बात, तोर मया के चर्चा और पंथी गीत तोला पलना मा झुलावव.., की धमाकेदार प्रस्तुति दी। युवा गायक ढाल सिंह देशलहरे और कु. मधु सिरमौर की अलहदा स्वर ने पारम्परिक पंथी को एक अलग और बेहतरीन अंदाज में प्रस्तुत किया। इस टीम के नृत्य पक्ष के कलाकारों ने अपनी शैली से दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। सुप्रसिद्ध गायिका कविता वासनिक, गायक महादेव हिरवानी और युवा गायिका संगीता साव ने अपनी प्रसिद्धि के अनुरूप मन के मिलौना, तोर कारन बइहा बनेव, पता ले जा रे गाड़ीवाला, बखरी के तुमा नार बरोबर, नहर के पानी और चौंरा मा गोंदा रसिया... जैसे पुराने दौर के कर्ण प्रिय गीतों को प्रस्तुत कर आयोजन को नई ऊंचाई प्रदान की। गायिका शिवानी जंघेल ने परगे संगी लाज के डोरी गोड़ मा मोर..., कनिहा म करधन और तोला भरोसा गीतों को प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। उनके गीतों पर लोक सांस्कृतिक मंच धरती के सिंगार भोथीपार और मोर मयारू संगी टेडेसरा के कलाकारों ने भाव नृत्यों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति रायपुर की सुप्रसिद्ध युवा गायिका कंचन जोशी ने दी। उन्होंने अपने प्रसिद्ध गीत मोला ले दे न राजा सोन के नथनी, ऐरे जोंड़ी दार, मोर मन झुमे, और सोन मछरी गीतों को गाकर युवावर्ग के दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन वरिष्ठ पत्रकार और लेखक वीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं धनंजय साहू ने किया।

मंचीय कार्यक्रम के पूर्व कलाकारों और अतिथियों ने आयोजन समिति के सदस्यों के साथ आतिशबाजी के बीच आडिटोरियम परिसर में स्थापित स्व. खुमानलाल साव जी की आवक्ष प्रतिमा पर पुष्पहार और दीप प्रज्वलित कर खुमान महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ किया। खुमान महोत्सव 2026 को यादगार बनाने में मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कल्याण संघ के अध्यक्ष राजेश मारू, सचिव वीरेन्द्र बहादुर सिंह, गीतकार हर्षकुमार बिंदु, विष्णु कश्यप, दीपक कुमार महोबिया, महेश्वर दास साहू और प्रवीण साव ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में नगर निगम के सभापति पारस वर्मा, पार्षद और लोक गायक मनोहर यादव, सतीश साहू, संजीव बघेल, मुन्ना बाबू, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा, ओमप्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार, लोककलाकार, संस्कृतिकर्मी और खुमान संगीत में रुचि रखने वाले लोग उपस्थित थे।

### इनका हुआ सम्मान

छत्तीसगढ़ी लोक कला एवं संगीत के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान के राजनांदगांव के लोककला साधक डी. के. नावेलकर, मंदराजी महोत्सव रवेली के संयोजक और मंदराजी के छोटे भाई बलेश्वर साव और लोक मंच लोकधारा रायपुर के संचालक डॉ. तिलक राजा साहू को शाल, श्रीफल और स्मृति प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इनके साथ ही गीतकार केदार दुबे (बिल्हा), साहित्यकार कुबेर सिंह साहू (राजनांदगांव) और लोक सांस्कृतिक मंच रंग झरोखा के संचालक दुष्यंत हरमुख ( भिलाई) को भी स्मृति प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका बहुमान किया गया।

## अल्ट्राटेक बैकुंठ में भक्तिभाव और उल्लास के साथ मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 7 सितंबर।** अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट संयंत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, बच्चों की फैशन ड्रेस, मटका फोड़, दही लूट सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन आकर्षण का केंद्र रहे।

कार्यक्रम में विशेष रूप से फंक्शन हेड राजीव सिंघल, फंक्शन हेड सुनंदा बासु, अशोक मिश्रा, विवेक बघेल, अभिषेक तेवतिया, नितेश शर्मा, हेमंत साहू, अजय चतुर्वेदी, मनोरंजन ढल एवं ब्रजेश पटेल सहित संयंत्र के अधिकारी-कर्मचारी, कॉलोनीवासी एवं क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बच्चों के लिए फैशन ड्रेस एवं मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई,इस दौरान बालकृष्ण की बाल-लीलाओं को याद करते हुए पूरा गांव भक्ति में डूबा रहा। उत्सव की शुरुआत स्थानीय पुरोहित ने की। उन्होंने विधि-विधान से विशेष पूजा और धार्मिक अनुष्ठान कराए। पुरोहित ने भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप का पूजन किया। उन्होंने क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद मौजूद श्रद्धालुओं ने भगवान की महाआरती उतारी। युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों की टोलियों ने भगवान कृष्ण के जयकारे लगाए। उन्होंने नृत्य भी किया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। महाआरती के पश्चात उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा दही लूट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन की सफलता में अल्ट्राटेक बैकुंठ के अधिकारियों, कर्मचारियों, कॉलोनीवासियों एवं क्षेत्रवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन




तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 7 सितंबर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य मे रविवार को इंडोर स्टेडियम बलौदाबाजार मे खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया और बेहतर भविष्य की शुभकामनायें दी। इस दौरान नन्हे बच्चों ने कराते का प्रदर्शन भी किया।प्रतियोगिता मे लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

कलेक्टर श्री शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज जो बच्चे खेल मे भाग लिये हैं उनमे से कुछ ने जीता है और बाकी ने जीतने के अनुभव सीखा।उन्होंने कहा कि आप आज के खिलाडी ही नहीं बल्कि विकसित भारत संकल्प के भविष्य भी है।कुछ बच्चों की रूचि खेल मे,कुछ की पढ़ाई मे और कुछ दोनों मे रूचि लेते हैं,जिसमें भी रूचि हैं उसका लक्ष्य तय करें। लक्ष्य हासिल करने मे नअनुशासन और अभ्यास जरुरी है। उन्होंने कहा कि ,लगातार मेहनत करने से सफलता जरूर मिलेगी। हर किसी के अंदर शक्ति हैं,अपनी क्षमता को पहचाने और उसी दिशा मे ऊर्जा लगाएं। अपने सपने के प्रति सचेत रहे, खेल मे बेहतर करें और अपने परिवार,समाज और जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने जिले मे खेल प्रतिभाओ को आगे बढ़ाने मे जिला प्रशासन की प्रतबद्धता दोहराई। इस खेल के खिलाड़ियों को दिया गया मेडल - इस अवसर पर व्हालीबाल, बैडमिंटन,कराते, बास्केट बॉल, मल्ल खम्भ 10 से 12 वर्ष एवं 13 से 17 वर्ष के विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किया गया। इस अवसर पर एसडीएम अरविन्द कुमार टी, तहसीलदार निवेश कोरेटी,वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित कोच एवं खिलाडी उपस्थित थे।

### क्वांटिटी देखनी है तो क्वालिटी को भूल जाइए: समयप्रभ जी

**राजनांदगांव 7 सितंबर।** अगर क्वांटिटी देखोगे तो क्वालिटी को भूल जाइए और अगर क्वालिटी चाहिए तो क्वांटिटी भूल जाइए। हमें क्वांटिटी नहीं क्वालिटी देखनी चाहिए। उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य समयप्रभ सागर जी ने आज जैन बगीचा स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय भवन में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन में व्यक्त किए। मुनि श्री समयप्रभ जी ने कहा कि क्वालिटी ठीक नहीं तो क्वांटिटी का कोई मतलब नहीं रह जाता, इसलिए हमें क्वालिटी पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम भवों में रमन करते रहते हैं। हमारी मति अच्छी होनी चाहिए। अंत समय में हमारी जैसी मति होगी, वैसी ही हमारी गति होगी। पुण्य को बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा धर्म आराधना करनी चाहिए। जब भवों में हम रमन करते हैं तब इन भवों में मिलने वाले पुण्य का संचय होता है। यही पुण्य हमारे काम आता है। मुनि श्री ने आगे फ़रमाया कि आपका सामान्य व्यवहार भी आप नहीं निभा पाते हो। उपकार के प्रति आपकी कृतज्ञता कहां चली जाती है। उपकारी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना और बच्चों को संस्कार देना कभी भी ना भूलें। उन्होंने कहा कि बच्चा जब तक नासमझ होता है, तब तक उसमें संस्कार के बीज बेना आसान होता है।

## खेत बना आय का केंद्र, नवाचार ने बदली खेती की तस्वीर

**रायपुर,7 सितंबर।** खेती में बदलाव केवल नई तकनीक से नहीं, बल्कि नई सोच से भी आता है। जशपुर जिले के ग्राम रतबा के युवा किसान अंकित लकड़ा ने इस बात को अपनी मेहनत और नवाचार से साबित किया है। कभी केवल बारिश के भरोसे धान की खेती करने वाले अंकित ने आज अपने खेत को मछली पालन, मुर्गी पालन, बागवानी और बहुफसली खेती से जोड़कर आय के कई स्रोत तैयार कर लिए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानों को कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय के अवसर बढ़ाने के लिए संचालित योजनाओं का लाभ अंकित को भी मिला है। योजनाओं से मिली सहायता और अपनी मेहनत के बल पर उन्होंने पारंपरिक खेती को आधुनिक और बहुआयामी कृषि मॉडल में बदलने की दिशा में कदम बढ़ाया है। अंकित लकड़ा बताते हैं कि पहले वे मुख्य रूप से बरसात के मौसम में धान की खेती करते थे। खेती से होने वाली आय को बढ़ाने के लिए उन्होंने कृषि और मत्स्य विभाग से जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने अपने खेत में दो तालाब तैयार कराए और मछली पालन शुरू किया। तालाब बनने के बाद उनके खेत की तस्वीर ही बदल गई।

# जांच में अनियमितता पाए जाने पर पर दो कृषि केंद्र में विक्रय प्रतिबंधित

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 7 सितंबर।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले के कृषि केन्द्रों का सघन निरीक्षण की कार्यवाही जारी है।इसी तारतम्य में रविवार को विकासखण्ड पलारी एवं बलौदाबाजार के दो कृषि केन्द्र मे अनियमितता पर विक्रय प्रतिबंधित किया गया। विकासखंड पलारी के कीटनाशी निरीक्षक सुचिन कुमार वर्मा के द्वारा ग्राम अमेरा, में संचालित एन. के. ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में भारी अनियमितता पाई गई। कृषि केंद्र में कालातीत कीटनाशकों का उचित संधारण नहीं किया गया था। विक्रय केंद्र में उपलब्ध कीटनाशक का स्कंद एवं मूल्य सूची का प्रदर्शित नहीं की गई थी। इसके अलावा विक्रय केंद्र में स्टॉक रजिस्टर, बिल बुक एवं स्त्रोत प्रमाण पत्र का उचित संधारण नहीं पाया गया। इस कारण विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही विक्रय केंद्र को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया है। विकासखंड बलौदाबाजार के कीटनाशी निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा ग्राम सेम्हराडीह में संचालित कुनाल कृषि केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में उपलब्ध कीटनाशक का स्कंद एवं मूल्य सूची का प्रदर्शित नहीं की गई थी। विक्रय केंद्र में स्टॉक रजिस्टर, बिल बुक एवं स्त्रोत प्रमाण पत्र का उचित संधारण नहीं पाया गया। इस कारण विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही विक्रय केंद्र को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। ग्राम खैदा में संचालित देवाशीष कृषि सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में स्त्रोत प्रमाण पत्र का उचित संधारण नहीं पाया गया। इस कारण विक्रय केंद्र को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया है। विकासखण्ड भाटापारा के कीटनाशी निरीक्षक अवधेश उपाध्याय द्वारा ग्राम निपनिया, में संचालित आशा कृषि केंद्र एवं विकासखण्ड सिमगा के कीटनाशी निरिक्षक श्रीमती ओ.एम. कुजूर द्वारा जय किसान ट्रेडर्स, सिमगा का औचक निरिक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

# शिक्षकों की भूमिका से बनेगा विकसित भारत:ब्रह्माकुमारी भावना

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नगरी 7 सितंबर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र नगरी में शिक्षक सम्मान समारोह पर विकसित भारत के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका थीम आधारित एक संगोष्ठी आयोजित की गई। उक्त अवसर पर संस्था की राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन के साथ मुख्य रूप से श्री कौशल नायक प्रोफेसर शासकीय सुखराम महाविद्यालय नगरी सिहावा, श्री रविशंकर साहू व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा, श्रीमती दिव्या जैन व्याख्याता शासकीय श्री श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल नगरी, श्रीमती विजयलक्ष्मी साहू व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोटगांव, श्री रंजन सार्वा कवि व सेवा निवृत व्याख्याता नगरी, श्रीमती इंदु पटेल संचालक वृद्ध आश्रम एवं पीएससी कोचिंग इंस्टिट्यूट नगरी सहित अंचल के शिक्षा के अलख जगाने वाले बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का आगाज डॉ. सर्वपल्ली



राधाकृष्णन के तस्वीर पर माल्यार्पण कर परमपिता शिव परमात्मा की स्मृति में दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात ब्रह्माकुमारी कमलेश्वरी बहन ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को पुष्पगुच्छ एवं आत्मिक स्मृति का तिलक लगाकर अभिनंदन किया। पिताम्बर भाई ने शिक्षकों के सम्मान में गीत गाया तथा शिक्षकों की स्वागत हेतु कुमारी शांता ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया उसके पश्चात राजयोगी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा शिक्षको को पढ़ाने के साथ-साथ बच्चों में नैतिक मूल्य का विकास करना परम आवश्यक है ताकि बच्चे संस्कारवान बन सके। ज्ञानवान के साथ चरित्रवान बनना बेहद आवश्यक है क्योंकि ज्ञानवान कुछ समय तक याद रहता है परंतु चरित्रवान सदैव के लिए यादगार बन जाता है उन्होंने कहा हम सभी के सर्वोपरि शिक्षक परमपिता शिव परमात्मा है जिसकी शिक्षा पाकर हम मानव से देवतुल्य बनते हैं उसके बताएं मार्ग पर चलकर हम अपने दिव्य जीवन में श्रेष्ठता व दिव्यता ला सकते हैं नित राजयोग व मेडिटेशन से हम अपने जीवन में सुख, शांति, प्रेम, माधुर्यता, सद्भाव जैसे गुणों को स्वतः ही प्राप्त कर सकते हैं और अंत में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को ब्रह्माकुमारीज में आने का न्योता दिया और सात दिवसीय कोर्स करने के लिए आग्रह किया।इसी क्रम में श्री रविशंकर साहू जी ने कहा हमारा विश्व पहले से विकसित था है और रहेगा हर मनुष्य विकसित है हमें प्रकृति के साथ व स्वयं के साथ तालमेल बनाकर चलना आवश्यक है शिक्षक पढ़ाई के साथ बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान देना भी आवश्यक है शिक्षकों को बच्चों की रुचि के अनुरूप शिक्षक दी जानी चाहिए इसी क्रम में श्री कौशल नायक जी ने कहा पहले ज्ञान प्राप्ति के संसाधन नहीं थे परंतु आज अथाह संसाधन है आज शिक्षकों का दायित्व पुस्तकों तक सीमित नहीं रह गया है शिक्षकों को चाहिए कि वह बच्चों की मानसिकता को समझ उनकी जरूरत के हिसाब से शिक्षा देकर उनके सर्वांगीण विकास करें। तत्पश्चात श्री रंजन सार्वा जी ने अपने शिक्षकीय जीवन के अनुभव साझा किये तथा अपनी कविताओं के माध्यम से शिक्षक की महत्ता को उजागर किया। इसी क्रम में दिव्या जैन जी ने शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहां यहां आकर मुझे बेहद खुशी महसूस हो रही है आज हमें उन शिक्षकों का अनुसरण करना चाहिए जिनकी वजह से हम शिक्षक दिवस मना रहे हैं तत्पश्चात श्रीमती विजयलक्ष्मी साहू जी ने कहा बच्चों को पढ़ाना आसान है परंतु बच्चों की मानसिकता के अनुरूप ज्ञान देना उतना ही मुश्किल उन्होंने गीत के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त की। श्रीमती इंदु पटेल जी ने कहा शिक्षक बच्चों के कर्णधार होते हैं उनके उज्जवल भविष्य शिक्षकों पर टिका होता है अंत में ब्रह्माकुमारी भावना बहन द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को ईश्वरीय भेंट देकर सम्मानित किया गया मन्नू लाल साहू द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन निशा साहू ने किया।

## लक्ष्य जितना बड़ा होता है,पाना उतना ही मुश्किल होता है

हर आदमी,परिवार,समाज व देश का एक या कई लक्ष्य होते हैं ।जिन्हें सभी हासिल करना चाहते हैं लेकिन लक्ष्य तय करना जितना आसान होता है लेकिन लक्ष्य को हासिल करना उतना आसान नहीं होता है। लक्ष्य छोटा होता है तो भी उसे हासिल करना आसान नहीं होता है,उसके लिए मेहनत करनी पड़ती है ।लोगों का सहयोग लेना पड़ता है, लोगों को समझाना पड़ता है कि लक्ष्य हासिल करना व्यक्ति,समाज,गांव,शहर के लिए कितना लाभदायक होगा ।लक्ष्य बड़ा हो तो उसे हासिल करना और मुश्किल होता है ।जैसे किसी गांव में शराबबंदी करनी है तो शहर की तुलना मे वहां शराबबंदी आसान होता है क्योंकि गांव में कुछ सौ लोगों को ही इसके लिए तैयार करना पड़ता है, समझाना पड़ता है कि उससे गांव में परिवार में शांति होगी। गांव में थोड़े से लोग ही शराब पीने वाले होते हैं,ज्यादातर लोग नहीं पीने वाले होते हैं इसलिए कई बार सुनने में आता है कि फलाने गांव में गांव के लोगों ने शराबबंदी कर दी है। इससे गांव में अब शांति है,परिवार व गांव में लड़ाई झगड़ा कम हो गया है। गांव की तुलना में शहर में शराबबंदी का लक्ष्य तो तय किया जा सकता है लेकिन इस पाना गांव की तुलना में कई गुना मुश्किल होता है। क्योंकि शहर की आबादी लाखों में होती है,शहर में लाखों लोग रोज शराब पीते हैं ।लाखों लोगों के शराब पीने से सरकार को आय होती है ।इसलिए सरकार शराब को परिवार,समाज के लिए बुरा मानते हुए भी उसकी बिक्री पर कोई रोक नहीं लगाती है ।वह तो ज्यादा शराब दुकान खोलकर शराब की बिक्री से ज्यादा आय पाना चाहती है ताकि उसके खर्च बढ़े तो उसे कर्ज न लेना पड़े या आर्थिक तंगी न हो ।सरकार एक तरफ अभियान भी चलाती है कि लोगों को बताती है कि शराब पीने से क्या नुकसान होता है और दूसरी तरफ शराब बेचने के लिए नई नई दुकाने भी खोलती जाती है ।कई राजनीतिक दलों की सरकारें तो इससे राज्य के लिए खर्च का इंतजाम करने के साथ ही भ्रष्टाचार करके पार्टी फंड के लिए पैसा जुटाने का काम कर चुकी हैं,चुनाव लड़ने के लिए पैसों का इंतजाम शराब नीति में फेरबदल करके कर चुकी हैं। लोग भी चाहते है कि शराबबंदी होनी चाहिए और सरकार भी चाहती है कि शराबबंदी होनी चाहिए। लोगों को शराब नहीं पीनी चाहिए। इससे न घर में शांति रहती है और न शहर में शांति रहती है। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित महिलाएं होती है इसलिए महिलाएं ज्यादा चाहती हैं राज्य में शराबबंदी होनी चाहिए। एक राजनीतिक दल ने महिलाओं से शराबबंदी का वादा कर वोट ले लिए चुनाव जीत गया लेकिन जब शराबबंदी करने की बात आई,वह शराबबंदी नही कर सका क्योंकि सत्ता मिलने के बाद उसे पता चला कि शराबबंदी का वादा करना जितना सरल होता है,शराबबंदी करना उससे कहीं ज्यादा मुश्किल होता है ।बिहार मे एक सरकार ने शराबबंदी करके दिखा दिया कि राज्य में सरकार चाहे तो शराबबंदी की जा सकती है लेकिन उनको भी शराबबंदी के बाद पता चला कि शराबबंदी करना आसान है लेकिन राज्य में शराब की बिक्री पर रोक लगाना संभव नहीं है यानी शराबबंदी के बाद अवैध रूप से शराब की बिक्री होने लगती है ।गुजरात में आजादी के बाद से शराबबंदी हैं लेकिन शराब तो वहां भी बिकती है और पीने वाले तो वहां भी पीते हैं ।शराबबंदी करने का मतलब तो यह नहीं होता है कि लोग शराब पीना बंद कर देंगे। बल्कि शराबबंदी के बाद लोगों को अच्छी शराब नहीं मिलती है तो लोग दूसरे सूखा नशा करने लगते हैं, जहरीली शराब पीने लगते हैं। यानी नशे की समस्या तो बनी ही रहती है ।इसलिए भी राज्य सरकारें अपने यहां शराबबंदी नहीं करती है। शराबबंदी से बड़ा लक्ष्य नशाबंदी होता है यानी समाज,राज्य व देश को नशामुक्त करने का लक्ष्य और बड़ा होता है,यदि किसी गांव को नशामुक्त करना हो तो वह किया जा सकता है लेकिन जैसे ही किसी शहर,जिला,प्रदेश व देश व युवा को नशामुक्त करने का लक्ष्य तय किया जाता है तो यह लक्ष्य बहुत बड़ा हो जाता है और इसे हासिल करना उतना ही मुश्किल होता है। नशामुक्त राज्य व नशामुक्त युवा का लक्ष्य राज्य सरकारों के लिए मुश्किल लक्ष्य होता है ।उनके सामने मुश्किल यह होती है कि जैसे ही वह नशामुक्त युवा का लक्ष्य तय करती हैं, उनकी आलोचना इस बात के लिए होनी लगती है कि वह शराब की बिक्री कराती है और दूसरी तरफ नशामुक्त युवा की बात करती है ।पीएम मोदी ने मन की बात में नशामुक्त युवा की बात की है और नशामुक्त भारत की बात की है तो बात करने से यह तो पता लगता है कि पीएम मोदी ऐसा चाहते हैं ।देश व युवाओं का भला चाहते हैं,पीएम मोदी के पहले बहुत लोग ऐसा चाह चुके हैं लेकिन आजादी के बाद से न युवा नशामुक्त हुए है और न भारत हुआ है। क्योंकि सब लोग चाहते हैं कि नशा भी रहे और लोग नशे से मुक्त हो जाएं ।नशे का सामान भी रहे और लोग नशा न करें ।बहुत लोग ऐसा कर पाते हैं लेकिन सब ऐसा नहीं कर पाते हैं इसलिए कोई कितना भी कहे के देश नशामुक्त होना चाहिए नहीं होता है।

## राशिफल

मेष-आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। घर में नए मेहमान के आने से रौनक बढ़ेगी। साथ ही, आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी होने से मन काफी प्रसन्न रहेगा। इसके अलावा आज भविष्य से जुड़े किसी महत्वपूर्ण फैसले का दिन है।

वृषभ-आज सेहत को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को मेहनत में कोई कमी नहीं छोड़नी चाहिए। नौकरी-बिजनेस से जुड़े मामलों में आपको सफलता हासिल हो सकती है।

मिथुन-आज कोई यात्रा करने की प्लानिंग करेंगे। किसी महत्वपूर्ण काम की शुरुआत हो सकती है। घमंड या अति-आत्मविश्वास के कारण कोई अच्छा काम अधूरा न छोड़ें। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी दोबारा परेशान कर सकती है, इसलिए लापरवाही से बचें।

कर्क -दिन कोई खुशखबरी लेकर आएगा। सफलता पाने के लिए मेहनत से पीछे हटना आपके हित में नहीं होगा। लाभप्रद योजनाओं से जुड़ने का अवसर प्राप्त भी होगा। किसी की बातों में आकर बेवजह विवाद खड़ा करने से बचें और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें।

सिंह-सिंह राशि वालों के लिए सामान्य रहेगा। नए लोगों से मिलेंगे। सही निर्णय लेने की क्षमता का लाभ मिलेगा। किसी भी मामले में फैसला सोच-समझकर लें। संतान की ओर से मिलने वाली कोई अच्छी खबर आपके चेहरे पर खुशी ला सकती है।

कन्या -आज नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को मनचाहा मौका मिलने की उम्मीद है। कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए की गई आपकी मेहनत रंग ला सकती है। ऐसे समय में धैर्य बनाए रखना आपके लिए बेहद जरूरी होगा।

तुला -आज समझदारी ही आपको हर उलझन से सुरक्षित निकाल सकती है। प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों में दस्तावेजों और संबंधित लोगों की अच्छी तरह जांच-पड़ताल करें, क्योंकि धोखे की आशंका बनी रह सकती है। कारोबार का कोई अटका हुआ काम दोबारा गति पकड़ सकता है।

वृश्चिक -आज लाभ होता दिख रहा है। रुका हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक राहत मिलेगी। सही जगह निवेश करने की आपकी सोच भविष्य को आर्थिक रूप से मजबूत कर सकती है। नई नौकरी के लिए अभी और धैर्य रखना होगा।

धनु -आप किसी काम को लेकर यात्रा पर करेंगे। कार्यस्थल पर छोटी-सी लापरवाही भी सहकर्मियों को नाराज कर सकती है, इसलिए काम पर पूरा ध्यान दें। फिलहाल लंबी यात्रा को टालना ही बेहतर रहेगा। किसी के साथ गलत व्यवहार करने से बचें।

मकर -परिवार से जुड़े मामलों में भी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। इसके अलावा विद्यार्थियों को पढ़ाई में लापरवाही से बचना चाहिए, क्योंकि आज की मेहनत ही आगे चलकर अच्छे परिणाम दिलाएगी। सेहत को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है।

कुंभ -बच्चों की सेहत को लेकर थोड़ी भागदौड़ भी बनी रह सकती है। जमीन-जायदाद से जुड़ा कोई पुराना मामला सुलझने से मन को बड़ी राहत मिल सकती है। घूमने-फिरने का कार्यक्रम भी बन सकता है, जिससे रिश्तों में और अपनापन बढ़ेगा।

मीन -निवेश के लिए धन उधार ले सकते हैं। बैंकिंग या फाइनेंस से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार रहेगा। मेहनत का अच्छा फल मिलने के साथ-साथ कार्यक्षेत्र में प्रशंसा भी मिल सकती है। दूसरों की बातों में आकर कोई बड़ा फैसला लेने से बचें।

### अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितंबर

# अब स्वास्थ्य साक्षरता की प्रबल जरूरत

डॉ सूर्यकांत मिश्रा

साक्षरता एक ऐसा अभियान कहा जा सकता है जो यह सुनिश्चित करता है कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति के पास अपनी भाषा और बुनियादी संख्यात्मक कौशल में जानकारी को पढ़ने लिखने और समझने की क्षमता है । निरक्षरता को खत्म करना और किसी समुदाय



या राष्ट्र की समग्र साक्षरता दर को बढ़ाना भी इस अभियान का मुख्य कार्य है । संपूर्ण साक्षरता कार्यक्रमों में प्रायः उन वयस्कों को बुनियादी साक्षरता कौशल सीखना शामिल होता है जो औपचारिक शिक्षा से चूक गए हैं । साक्षरता कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य यह तय करना भी है कि उन बच्चों के लिए शिक्षा तक पहुंच प्रदान की जा सके जो स्कूलों के द्वारा तक नहीं पहुंच पाए हैं । उनकी पढ़ने और सीखने की संस्कृति को गति प्रदान करना भी साक्षरता अभियान का मुख्य कार्य कहा जा सकता है । संपूर्ण साक्षरता कार्यक्रम अधिक शिक्षित और कुशल कार्यबल विकसित करने में भी सकारात्मक भूमिका निभाता है । किसी कार्यक्रम की सफलता समाज में सभी वर्गों के आर्थिक विकास और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है । हमारा समाज इस बात को भली भांति समझता है कि साक्षरता ही शिक्षा की नींव है । पढ़ने और लिखने की क्षमता के बिना कई अवधारणाओं को सीखने और समझने की कठिनाई हर वर्ग का मार्ग अवरुद्ध कर जाती है। साक्षरता कौशल ही वह उपकरण है जो हर किसी को प्रभावी ढंग से संवाद करने की क्षमता प्रदान कर जाता है । दोस्तों और परिवार के साथ संवाद करने से लेकर रोजमर्रा की जिंदगी में साक्षरता महत्वपूर्ण स्थान रखती है । यही वह शक्ति है जो व्यक्ति को समाज में पूर्ण रूप से भाग लेने से लेकर अपने समुदाय की वकालत करने जैसी गतिविधि में सक्षम बनाती है ।

साक्षरता एक मौलिक कौशल है ,जो केवल पढ़ने लिखने तक ही सीमित नहीं है वरन सामाजिक जवाबदारी तक विस्तृत है ।वर्तमान समय में पूरी दुनिया अनेक तरह की बीमारियों से परेशान है । कभी कोविड तो कभी एक वन एन वन और लंबे समय से चली आ रही जानलेवा कैंसर तक ने मानव समाज को जकड़ रखा है । ऐसे में स्वास्थ्य साक्षरता की जरूरत सबसे ज्यादा महसूस की जानी चाहिए । अपने आसपास के वातावरण को शुद्ध रखते हुए हम बीमारी फैलाने वाले कीटाणुओं को अपने समाज से दूर रख सकते हैं । इसके लिए जरूरी है कि हम स्वास्थ्यगत अवधारणाओं को अपने निजी जीवन में प्राथमिकता के साथ स्थान प्रदान करें ।अनेक अध्ययनों से पता चलता है कि उच्च स्वास्थ्य साक्षरता वाले लोग दवा या उपचार संबंधी कम गलतियां करते हैं । स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को बेहतर ढंग से समझने , उपचारों का पालन करने और अस्पताल में भर्ती होने से बचने में स्वास्थ्य साक्षरता अधिक कारगर तरीके से काम करती है । हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि जब हम तनावग्रस्त , बीमार या भयभीत होते हैं तो हमारी स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता धराशाई हो जाती है । आज के समय में स्वास्थ्य साक्षरता एक विशिष्ट रूप में सामाजिक आर्थिक और स्वास्थ्य विकास के लिए तेजी के साथ महत्वपूर्ण होती जा रही है । जनसंख्या स्वास्थ्य , विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य पर शिक्षा और सामान्य साक्षरता के सकारात्मक प्रभावों को अच्छी तरह से समझने के लिए लगातार शोध कार्य चल रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 2026 की थीम " लोगों , ग्रह और समृद्धि के लिए साक्षरता " रखी गई है । यह थीम इस बात पर जोर देती है की साक्षरता केवल पढ़ना , लिखना नहीं है बल्कि यह मानव कल्याण , पर्यावरणीय जागरूकता और सतत विकास का एक शक्तिशाली माध्यम है । साक्षरता का सीधा संबंध पढ़ने - लिखने से होता है , इससे इनकार नहीं किया जा सकता है । कारण यह की पढ़ते समय हम अपने मन में कल्पनाएं गढ़ते हैं । पढ़ी गई बातों के आधार पर दुनिया और पात्रों का निर्माण करते हैं । यही वह विचार और सोच है जो हमारी कल्पना शीलता को चरम पर पहुंचाती है । पढ़ने के माध्यम से ही हम विभिन्न लेखन शैलियों वाक्य संरचना के तरीकों और वर्णनात्मक शब्दों एवं वाक्यांशों से परिचित होते हैं । लिखित सामग्री का अध्ययन लेखन को बेहतर बनाने में सहायक होता है । हमारी पढ़ने की आदत ही हमारे मस्तिष्क को स्वस्थ रखने में मदद करती है । वास्तव में देखा जाए तो किसी चीज को पढ़ना संज्ञानात्मक गिरावट को धीमा करने में सहायक होता है । व्यक्तिगत ज्ञान में वृद्धि के दृष्टिकोण से भी पढ़ने की सतत प्रक्रिया सांस्कृतिक और ऐतिहासिक घटनाओं से लेकर वैज्ञानिक विषयों तक जानकारी का खजाना हमारे लिए खिल जाती है । एक शोध में यह खुलासा किया गया है कि केवल 6 मिनट पढ़ने से तनाव का स्तर 68 प्रतिशत कम हो सकता है ।साक्षरता को अधिक प्रभावी बनाने के लिए हमें जरूरत है कि हम अपनी गतिविधियों को नए तरीके की ओर मोड़ दें । प्रत्येक छात्र को अपनी कक्षा में ऐसा कार्य करना होगा जो समुदाय को साक्षरता का उपहार दे सके । इस उद्देश्य को पूरा करने के मार्ग में किताबों का आदान-प्रदान , पढ़ने के शौक का प्रचार - प्रसार कर सकता है । अपनी स्कूल में किताबों के आदान-प्रदान का आयोजन करते हुए साक्षरता कार्यक्रम की सार्थकता सिद्ध की जा सकती है । हर छात्र को कम से कम एक ऐसी किताब मिलनी चाहिए , जिसे उसने अभी तक न पढ़ी हो । पढ़ना और सीखना निः संदेह एक बच्चे के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण कौशलों में से एक है । यह न केवल शैक्षिक सफलता की कुंजी है बल्कि आत्मनिर्भरता और आनंद का मार्ग भी है । प्रारंभिक साक्षरता के विकास में पढ़ने , लिखने और मौखिक भाषा के बीच घनिष्ठ संबंध दिखाई पड़ता है । माता-पिता और शिक्षकों के रूप में हम बच्चों को विद्यालय में आवश्यक भाषा और आत्मविश्वास के साथ आने में मदद करने के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं ताकि वह अपना पढ़ना सीख सकें ।

साक्षरता के प्रारंभिक चरण में जब हम 3 से 5 साल की आयु पर ध्यान केंद्रित करते हैं , तो स्थिति थोड़ी अलग दिखाई पड़ती है। पुस्तकों के विषय में सीखना , उन्हें पकड़ने का तरीका , अक्षर ,शब्द और वाक्य क्या होते हैं ? हम बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे ही क्यों पढ़ते हैं ? इसे समझना भी एक चुनौती ही है । बच्चे जब पहली बार शब्दों को पढ़ना शुरू करते हैं , तो वे मूल रूप से उन शब्दों को समझने की कोशिश कर रहे होते हैं , जिन्हें वे पहले ही सुन चुके हैं , बोल सकते हैं और शायद उनका अर्थ भी जानते हैं । यही वह चीज है जो शब्दों की समझने की क्षमता को अंततः पठन बोध से जोड़ती हैं । जब बच्चों को प्रारंभिक साक्षरता और मौखिक भाषा की मजबूत नींव मिलती है , तो वे आगे चलकर उन्नत साक्षरता कौशल हासिल करने में सफल होते हैं प्रारंभिक साक्षरता शिक्षा वास्तव में पढ़ने , लिखने और बोलने की नींव है ।

# सुराहीदार घड़ा

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



तहसील परिसर के पुराने नीम के पेड़ की छाँव में ईंटों के चबूतरे पर रखा वह मिट्टी का सुराहीदार घड़ा पूरे कसबे के लिए एक पहेली बना हुआ था, ठीक वैसे ही जैसे किसी दफ्तर में फाइल की ईमानदारी एक पहेली होती है। उस घड़े का मुँह लाल सूती कपड़े से बँधा था और उसकी गर्दन पर सूखे फूलों की एक पुरानी माला लटकी रहती थी जिसे वक्त की धूल ने मटमैला कर दिया था, मानो वह सरकारी फाइलों पर जमी वह धूल हो जिसे सिर्फ रिश्वत की फूँक ही उड़ा सकती है। उस चबूतरे के एक कोने पर अपनी लाठी टिकाए हरिशंकर काका रोज सुबह कचहरी खुलने से पहले आकर बैठ जाते थे, जैसे किसी मरे हुए विभाग की आत्मा उसकी चौखट पर न्याय की भीख माँगने पहुँच गई हो। सफेद धोती और कंधे पर पुराना अंगोछा डाले हरिशंकर काका का दिन भर बस एक ही काम था कि वे उस सूखे घड़े के पास हाथ में ताँबे का एक खाली लोटा लेकर बैठे रहते थे, क्योंकि इस देश में खाली लोटा लेकर बैठना ही आम आदमी की सबसे बड़ी संवैधानिक उपलब्धि है। तहसील में रोज मुकदमों की तारीखें पड़ती थीं, ज़मीनों की नापजोख के लिए वकीलों की मेजों पर स्टाम्प पेपरों का ढेर लगता था और मुंशियों की लिखापढ़ी का शोर गूँजता था, यह वह शोर था जिसमें सत्य की चीख अक्सर गले में ही दम तोड़ देती है। काका को दुनिया के किसी बखेड़े से कोई मतलब नहीं था, वे जानते थे कि व्यवस्था के इस कीचड़ में कमल नहीं, सिर्फ दलाल खिलते हैं। जब भी कोई प्यासा फरियादी उस चिलचिलाती धूप में पानी की आस लेकर चबूतरे की तरफ बढ़ता तो काका बड़े अपनेपन से उसे रोक देते और अपने लोटे की तरफ इशारा करते हुए कहते कि बेटा इस घड़े का ढक्कन मत खोलना, इसमें कोई साधारण पानी नहीं बल्कि इस पूरे कसबे की सूखी हुई तकदीर का हिसाब बंद है, और तकदीर का हिसाब अगर खुल गया तो प्रशासन को नींद की गोलियाँ खानी पड़ जाएँगी। तहसील का चायवाला मन्नू जब भी केतली लेकर उधर से निकलता तो काका की उस शांत मुद्रा को देखकर सोच में पड़ जाता कि आखिर इस खाली पड़े मिट्टी के बर्तन में ऐसा कौन सा रहस्य गड़ा हुआ है, शायद वह रहस्य कि व्यवस्था के पेट में कितनी ज़मीनें हजम हो जाती हैं। तहसीलदार बने प्रहलाद जोशी नियम कायदे के बहुत कड़े और पढ़े लिखे अफसर माने जाते थे जिनकी मेज पर फाइलों का अंबार कभी बिना कानूनी जाँच के आगे नहीं सरकता था, हालाँकि वे जानते थे कि कानून वह मकड़ी का जाला है जिसमें सिर्फ छोटे कीड़े फँसते हैं। प्रहलाद बाबू जब भी अपनी सरकारी गाड़ी से उतरकर सीढ़ियाँ चढ़ते तो उनकी नजर सबसे पहले उसी नीम के पेड़ के नीचे बैठे हरिशंकर काका पर जाकर टिक जाती थी, उन्हें लगता कि कोई पुराना पाप उनकी वर्दी को घूर रहा है। प्रहलाद बाबू को सरकारी दफ्तर के परिसर में किसी बुजुर्ग का इस तरह रोज एक मिट्टी के बर्तन को पूजते देखना प्रशासनिक मर्यादा के खिलाफ लगता था, क्योंकि प्रशासन की मर्यादा सिर्फ भ्रष्टाचारियों को सलाम करने में सुरक्षित रहती है। एक दिन जब दोपहर की जनसुनवाई खत्म हुई और धूप थोड़ी मद्धम पड़ी तो तहसीलदार साहब अपने कमरे से बाहर निकले और सीधे उस चबूतरे के पास पहुँच गए, जैसे कोई शिकारी अपने शिकार की सादगी से घबरा गया हो। उन्होंने अपनी कड़क आवाज में पूछा कि काका आप रोज इस सूखे घड़े के पास अपना ताँबे का लोटा लेकर क्यों जम जाते हैं, अगर आपकी कोई पेंशन, ज़मीन का विवाद या दाखिल खारिज का मुकदमा अटका है तो अर्जी दीजिए वरना इस तरह सरकारी जमीन घेरकर बैठने से दफ्तर का अनुशासन बिगड़ता है, जबकि सच्चाई यह थी कि अनुशासन सिर्फ गरीबों के लिए एक जेलखाना है। हरिशंकर काका ने बहुत ही अदब से अपने दोनों हाथ जोड़े और कांपती हुई आवाज में बोले कि साहब मैं यहाँ किसी ज़मीन के टुकड़े की भीख माँगने नहीं आता, मैं तो बस उस दिन की बाट जोह रहा हूँ जब इस घड़े का पानी इस दफ्तर के बंजर हो चुके कलेजे को भिगोएगा, पर बंजर कलेजों में पानी नहीं, सिर्फ लालच की फसल उगती है।

प्रहलाद बाबू को काका का यह जवाब बहुत ही अटपटा और बेतुका लगा क्योंकि तर्कों की दुनिया में भावनाओं का होना एक अपराध की तरह है। उन्होंने चश्मे को ठीक करते हुए तल्ख लहजे में कहा कि काका यह मिट्टी का घड़ा तो अंदर से पूरी तरह सूखा और खोखला है, इसमें सालों से मकड़ी के जाले लगे हैं तो फिर इसमें से पानी कैसे निकलेगा, आप किस भ्रम में जी रहे हैं? वे नहीं जानते थे कि पूरा देश इन्हीं खोखले वादों के घड़ों के भरोसे चल रहा है। पास खड़े पुराने मुंशी सुखदेव जी जो बरसों से कचहरी की धूल छान रहे थे और जानते थे कि धूल में ही असली सत्ता छिपी होती है, वे तुरंत आगे बढ़े और हाथ जोड़कर बोले कि तहसीलदार साहब काका की बात को पागलपन मत समझिए, क्योंकि इस व्यवस्था में जो पागल नहीं है वह या तो दलाल है या फिर चोर है। उन्होंने बताया कि जब तीस साल पहले इस कसबे में भयानक सूखा पड़ा था और पूरे इलाके की फसलें जलकर राख हो गई थीं तब काका के इकलौते बेटे माधव ने इस तहसील के सामने एक अनोखी प्रतिज्ञा ली थी, और प्रतिज्ञा करना इस देश में मुफ्त का मनोरंजन माना जाता है। प्रहलाद बाबू ने अचरज से पूछा कि कैसी प्रतिज्ञा और उस लड़के का इस सूखे घड़े से क्या लेना देना था, मानो वे भूल गए हों कि इस देश के हर सूखे घड़े के पीछे एक मरा हुआ सपना छिपा होता है। सुखदेव मुंशी ने एक लंबी साँस खींचकर बताना शुरू किया कि साहब माधव ने पूरे कसबे के किसानों को एकजुट करके सरकार से नहर का पानी लाने की लड़ाई लड़ी थी, उसने इस चबूतरे पर यह घड़ा रखा था और कसम खाई थी कि जब तक सरकारी कागजों से निकलकर नहर का पानी इस कसबे के खेतों तक नहीं पहुँचेगा तब तक यह घड़ा इसी तरह तहसील के सामने व्यवस्था के सूखेपन की गवाही देता रहेगा, पर सरकारी कागज तो वह मरुस्थल हैं जहाँ नदियाँ भी रास्ता भूल जाती हैं। हरिशंकर काका ने सुखदेव की बात को आगे बढ़ाते हुए अपनी कांपती उँगलियों से उस मिट्टी के घड़े को छुआ और बहुत ही भावुक स्वर में बोले कि हाँ साहब माधव ने मुझसे कहा था कि बापू तुम इस घड़े को कभी हटने मत देना, जिस दिन सरकारी नहर का काम पूरा होगा और पहली बार खेतों में पानी आएगा उस दिन मैं खुद शहर से आकर अपने हाथों से इस घड़े को नहर के पानी से भरूँगा, पर शहर जाने वाले अक्सर अपनी जड़ें वहीं गिरवी रख आते हैं। प्रहलाद बाबू ने हैरान होकर पूछा कि तो क्या तीस साल में भी वह नहर नहीं बनी या आपका बेटा शहर से लौटकर नहीं आया जो आप आज भी इस सूखी मिट्टी के सामने पहरा दे रहे हैं, जबकि वे जानते थे कि फाइलों में तो नहरें स्वर्ग तक बन चुकी होती हैं। काका की आँखों में आँसू छलक आए और उन्होंने कहा कि साहब मेरा माधव बहुत सच्चा लड़का था, वह कभी अपनी बात से नहीं मुकरता था, मुझे पूरा यकीन है कि जिस दिन इस कसबे की नहर का आखिरी पुल बनेगा उस दिन मेरा बेटा अपनी जीत का परचम लेकर जरूर आएगा, पर वे भूल गए कि पुल अक्सर उद्घाटन से पहले ही कमीशन की भेंट चढ़ जाते हैं। प्रहलाद बाबू के मन में एक गहरा कौतूहल जाग उठा और उन्होंने ठान लिया कि वे खुद रिकॉर्ड रूम में जाकर उस तीस साल पुरानी नहर वाली फाइल और माधव की सच्चाई का पता लगाकर रहेंगे, मानो वे भ्रष्टाचार की उस अंधेरी गुफा में टॉर्च लेकर घुसने की हिम्मत कर रहे हों जहाँ रौशनी खुद शर्मिंदा हो जाती है। तहसीलदार प्रहलाद बाबू तुरंत रिकॉर्ड रूम में पहुँचे और उन्होंने कर्मचारियों को उस तीस साल पुरानी सिंचाई परियोजना की फाइल खोजने का हुक्म दिया, जहाँ फाइलें चूहों और दीमकों के बीच एक शांत सह-अस्तित्व में रहती हैं। घंटों की मशक्कत और धूल भरी बोरियों को खंगालने के बाद आखिरकार वह पुरानी लाल फीते वाली फाइल मिल गई, लाल फीता जो इस देश में ईमानदारी का गला घोंटने के लिए सबसे मजबूत रस्सी है। जैसे ही प्रहलाद बाबू ने उस फाइल के आखिरी पन्नों को खोला और उसमें लगे सरकारी दस्तावेजों और तस्वीरों को देखा, उनके पैरों तले जमीन खिसक गई, क्योंकि जमीन तो कागजों पर पहले ही बेची जा चुकी थी। उस फाइल में एक बहुत ही गोपनीय जाँच रिपोर्ट लगी हुई थी जिसमें लिखा था कि तीस साल पहले जब माधव ने नहर के निर्माण में हो रहे भारी घोटाले का पर्दाफाश किया था तो बड़े ठेकेदारों और भ्रष्ट अफसरों ने मिलकर उस योजना का सारा पैसा हड़प लिया था और कागजों पर नहर को चालू दिखाकर योजना को बंद घोषित कर दिया था, क्योंकि कागज कभी प्यास से नहीं मरते। प्रहलाद बाबू ने जब उस रिपोर्ट के नीचे लगे एक पुराने हलफनामे को पढ़ा तो उनके रोंगटे खड़े हो गए क्योंकि उस पर साफ लिखा था कि माधव ने हार नहीं मानी थी और वह किसानों का हक दिलाने के लिए अकेले शहर के बड़े ट्रिब्यूनल में मुकदमा लड़ता रहा था, जबकि न्याय की चक्की में अक्सर गेहूं की जगह सत्य पिस जाता है।

प्रहलाद बाबू कांपते कदमों से दौड़ते हुए बाहर चबूतरे पर पहुँचे जहाँ हरिशंकर काका अपनी लाठी के सहारे उस सूखे घड़े को थामे खड़े थे, जैसे वे इस सड़ी हुई व्यवस्था के आखिरी चौकीदार हों। प्रहलाद बाबू ने बहुत ही नम आँखों से काका के कंधे पर हाथ रखा और बिलखते हुए बोले कि काका आप जिस माधव के लौटने की आस में तीस साल से इस घड़े को सँभाले बैठे हैं, असल में वह नहर कागजों में तीस साल पहले ही बनकर पूरी हो चुकी थी और आपके बेटे ने वह मुकदमा भी जीत लिया था, और मुकदमे जीतना इस देश में सबसे बड़ी हार है। काका ने अपनी धुंधली आँखों से प्रहलाद बाबू को देखा और उनके चेहरे पर एक ऐसी कड़वी मुस्कान तैर गई जिसने पूरी व्यवस्था के मुँह पर तमाचा जड़ दिया, क्योंकि एक गरीब की मुस्कान ही सत्ता का सबसे बड़ा अपमान है। काका ने अपने कांपते हाथों से अपनी जेब से एक पुराना मुड़ा हुआ तार निकाला और रोते हुए बोले कि तहसीलदार साहब मुझे सब पता है कि माधव मुकदमा जीत गया था, पर जीत का जश्न अक्सर हार के मातम से ज्यादा खौफनाक होता है। प्रहलाद बाबू ने स्तब्ध होकर पूछा कि तो फिर काका आप इस सूखे घड़े के पास बैठकर किसका इंतजार कर रहे थे, क्या आप अब भी किसी चमत्कार की उम्मीद में हैं जो इस मरुस्थल को हरा कर दे? काका ने रुँधे गले से बिलखते हुए कहा कि माधव जिस दिन नहर का आदेश लेकर लौट रहा था, उसी दिन उस भ्रष्ट तंत्र ने उसे अपनी झूठी शान का हिस्सा बनाकर उसी सिंचाई विभाग का सबसे बड़ा चीफ इंजीनियर बना दिया था जहाँ वह आज करोड़ों के बंगले में बैठकर उसी भ्रष्टाचार की मलाई खा रहा है, क्योंकि आदर्शों की बलि देकर ही सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ी जाती हैं। उन्होंने कहा कि मैं तीस सालों से इस घड़े पर किसी बेटे का इंतजार नहीं कर रहा बल्कि रोज यहाँ आकर उस ईमानदार माधव की आत्मा का मातम मनाता हूँ जो कभी इस कसबे की प्यास बुझाने का सपना देखता था, पर अब वह खुद व्यवस्था की प्यास बुझाने वाला सबसे बड़ा नल बन चुका है। प्रहलाद बाबू सुन्न होकर उस सूखे मिट्टी के घड़े को देखते रह गए और पूरी तहसील उस लाचार बाप के आंसुओं के सामने शर्म से पानी पानी हो गई, पर वह पानी भी इतना गंदा था कि उससे किसी की प्यास नहीं बुझ सकती थी।

## सू- दोकू क्र.153

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.152 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -153

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 152 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

## एक नजर

### मां दंतेश्वरी मंदिर में चोरी, ताला तोड़ गर्भगृह तक पहुंचे चोर

**जगदलपुर, 7 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भानपुरी थाना क्षेत्र के आस्था के केंद्र ग्राम केशरपाल स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में चोरों ने सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए वारदात को अंजाम दिया। 3 सितंबर दोपहर 12 बजे से 4 सितंबर तड़के 4 बजे के बीच चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर गर्भगृह में घुसे और माता के विग्रह पर चढ़े सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। सुबह पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे ग्रामीणों और पुजारी ने बिखरा सामान देखा तो घटना सामने आई। चोरी गए आभूषणों में चांदी के छत्र दो, सोने की नथ तीन, चांदी की बांह 'पट्टी दो और चांदी का मुकुट एक शामिल है। इनकी कीमत करीब 1.20 लाख रुपए बताई गई है। सूचना पर भानपुरी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। अज्ञात आरोपियों की तलाश में पुलिस आसपास के इलाकों में संदिग्धों से पूछताछ और सुराग जुटा रही है। मां दंतेश्वरी मंदिर में चोरों ने गर्भगृह में रखे माता के विग्रह से चांदी के दो छत्र, सोने की तीन नथ, चांदी की दो बांह पट्टी और एक चांदी का मुकुट चोरी कर लिया। चोरी गए आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 1.20 लाख रुपए है। घटना की सूचना मिलते ही भानपुरी पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात चोरों के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 30 किलो विस्फोटक-पिस्टल सहित बड़ी मात्रा में नक्सली डंप बरामद



**कोंडागांव, 7 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गये हथियार, आईईडी एवं अन्य सामग्रियों की बरामदगी हेतु सतत सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज रविवार को कोंड़ागांव नक्सल सेल, डीआरजी, बस्तर फाइटर्स एवं बीडीएस की संयुक्त कार्यवाही में आत्मसमर्पित नक्सलियों की निशानदेही की तस्दीकी कार्यवाही करते हुए थाना मर्दापाल क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कोरमेल, पुसपाल मोखामारी के आस-पास जंगल-पहाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। अभियान के दौरान ग्राम पुसपाल मोखामारी जंगल-पहाड़ी क्षेत्र की घेराबंदी कर डी-मॉइनिंग-सर्चिंग की कार्यवाही की गई, जिसमें 10 किलोग्राम टिफिन आईईडी, 01 नग 9 एम.एम. पिस्टल, जीलेटीन विस्फोटक 20 किलोग्राम सहित बड़ी मात्रा में नक्सली डम्प बरामद की गई है। कोंड़ागांव एसपी पंकज चंद्रा ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 किलोग्राम टिफिन आईईडी को बीडीएस टीम द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत मौके पर ही नष्ट किया गया। बरामद नक्सली डम्प से टिफिन बम 03 नग (कुल वजन 10 किलोग्राम), जीलेटीन 160 नग (कुल वजन 20 किलोग्राम), डेटोनेटर इलेक्ट्रिक 01 नग, डेटोनेटर नान इलेक्ट्रिक 19 नग, 9 एम.एम. पिस्टल 01 नग, नीला कवर का ग्रिप लगा हुआ, वॉकी-टॉकी 06 नग, मय एंटीना चार्जर हेण्डफोन06 नग, डेटोनेटर कमर्शियल 40 नग, वायर इलेक्ट्रिक 04 बंडल, सेफ्टी फ्यूज 01 मीटर, कारडेक्स वायर रंग लाल 05 मीटर लगभग, पाईप लोहे का 01 नग (लंबाई 33 इंच, गोलाई 9.5 इंच), पॉलिथिन हरा 05 किलोग्राम बरातद किया गया है।

### जिले के उद्यमी 8 को जुटेंगे

**जगदलपुर, 7 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय कार्यरत राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के नेशनल एससी-एसटी हब कार्यालय भुवनेश्वर द्वारा इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संयुक्त तत्वावधान में बस्तर जिले के उद्यमियों के लिए एक दिवसीय विशेष उद्यमी जागरूकता एवं वेंडर विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम आगामी 8 सितंबर को सुबह 9:30 बजे से जगदलपुर के नगर पालिक निगम स्थित वीर सावरकर कम्युनिटी हॉल में संपन्न होगा।

# भूपेश बघेल के साथ राम गिड़लानी का जन्मदिन, सियासी गलियारों में बढ़ी चर्चाएं

- **समर्थकों के साथ भिलाई पहुंचे गिड़लानी, केक काटकर पूर्व मुख्यमंत्री का किया सम्मान; तिल्दा-नेवरा में भी समर्थकों ने मनाया जन्मदिन**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**






**तिल्दा-नेवरा 7 सितंबर।** कांग्रेस नेता एवं छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी के पूर्व अध्यक्ष राम गिड़लानी का जन्मदिन इस बार राजनीतिक चर्चाओं के बीच रहा। गिड़लानी ने अपने समर्थकों के साथ भिलाई पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ जन्मदिन मनाया। इस दौरान केक काटा गया और गिड़लानी ने पूर्व मुख्यमंत्री का सम्मान भी किया।

राम गिड़लानी और भूपेश बघेल की इस मुलाकात को कांग्रेस की राजनीति में गिड़लानी की सक्रियता और पुराने राजनीतिक संबंधों के नजरिए से देखा जा रहा है। जन्मदिन के बहाने एक बार फिर गिड़लानी की कांग्रेस के प्रति प्रतिबद्धता सार्वजनिक रूप से सामने आई।

**विद्याचरण शुक्ल के दौर से कांग्रेस से जुड़ाव:** राम गिड़लानी का कांग्रेस की राजनीति से पुराना जुड़ाव रहा है। एक दौर में वे छत्तीसगढ़ के दिग्गज कांग्रेस नेता विद्याचरण शुक्ल के समर्थकों में शामिल रहे। इसके बाद कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में उन्हें छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी के अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी मिली।

राजनीतिक परिस्थितियां बदलती रहीं, लेकिन गिड़लानी का कांग्रेस से जुड़ाव बना रहा। भूपेश बघेल के साथ जन्मदिन मनाने की तस्वीर और कार्यक्रम ने इस पुराने राजनीतिक जुड़ाव को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है।

**तिल्दा-नेवरा में भी दिखा समर्थकों का उत्साह:** भिलाई में जन्मदिन मनाने के बाद तिल्दा-नेवरा में भी गिड़लानी के समर्थकों ने उनका जन्मदिन मनाया। सिंधी समाज के लोगों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। राजनीतिक हलकों में इस बात की चर्चा रही कि मौजूदा राजनीतिक दौर में भी राम गिड़लानी का कांग्रेस नेतृत्व के प्रति विश्वास और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ उनका जुड़ाव कायम है। हालांकि, इस मुलाकात को किसी नए राजनीतिक निर्णय या संगठनात्मक घोषणा से जोड़कर देखना फिलहाल जल्दबाजी होगी। जन्मदिन समारोह ने इतना जरूर स्पष्ट कर दिया कि तिल्दा-नेवरा की राजनीति में राम गिड़लानी का कांग्रेस से पुराना रिश्ता और भूपेश बघेल के साथ उनकी नजदीकी अभी भी राजनीतिक चर्चा का विषय बनी हुई है।

# दलपत सागर के 9.88 करोड़ का पूरा हिसाब जनता के सामने रखें महापौर: राजेश चौधरी

**जगदलपुर, 7 सितंबर।** नगर निगम जगदलपुर के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दलपत सागर के उन्नयन एवं सफाई के नाम पर स्वीकृत एवं प्राप्त राशि के उपयोग को लेकर महापौर से सार्वजनिक रूप से पूरा हिसाब देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शहर की जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि दलपत सागर के उन्नयन के लिए स्वीकृत राशि में से अब तक कितनी राशि प्राप्त हुई, कितनी राशि खर्च की गई, किन कार्यों में खर्च की गई और वर्तमान में कितनी राशि शेष है।जगदलपुर विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव द्वारा शहर की जनता को बताया गया था कि दलपत सागर के उन्नयन के लिए ?9.88 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। इसके बाद महापौर द्वारा विधायक, नगरीय प्रशासन मंत्री, सांसद एवं भाजपा सरकार का धन्यवाद भी समाचार पत्रों के माध्यम से किया गया था। लेकिन इस स्वीकृति को लगभग सवा वर्ष बीतने के बाद भी शहर की जनता को यह स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है कि उक्त राशि का वास्तविक रूप से कितना उपयोग हुआ है और किन-किन कार्यों पर खर्च किया गया है।केवल राशि स्वीकृत होने की जानकारी समाचार पत्रों और मीडिया के माध्यम से देने से जनता की जवाबदेही पूरी नहीं होती। जनता यह जानना चाहती है कि स्वीकृत राशि में से नगर निगम को वास्तव में कितनी राशि प्राप्त हुई और उसका उपयोग किस मद में किया गया।

नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने दलपत सागर में चलाए गए सफाई अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि महापौर द्वारा सार्वजनिक रूप से कहा गया था कि इस अभियान में नगर निगम का कोई खर्च नहीं हो रहा है और संबंधित संस्था द्वारा डेमो के तौर पर कार्य किया जा रहा है।यदि नगर निगम का कोई खर्च नहीं हुआ, तो सफाई अभियान के दौरान चलने वाले वाहनों में डीजल की व्यवस्था किसके द्वारा की गई, वार्डों से लगाए गए नगर निगम के कर्मचारियों का भुगतान किस मद से किया गया और अभियान में अन्य व्यवस्थाओं पर हुए खर्च का भुगतान किस संस्था ने किया–इसकी जानकारी भी जनता के सामने रखी जानी चाहिए।नगर निगम के कर्मचारियों को सफाई अभियान में लगाया गया और उनके एक महीने के भुगतान की जिम्मेदारी भी नगर निगम द्वारा उठाई गई है। ऐसे में यह कहना कि नगर निगम का कोई खर्च नहीं हुआ, अपने आप में सवाल खड़ा करता है। महापौर को इस पूरे मामले में पारदर्शिता के साथ आय-व्यय का पूरा विवरण सार्वजनिक करना चाहिए।

राजेश चौधरी ने कहा कि दलपत सागर की सफाई एवं उन्नयन के लिए यदि किसी संस्था, कंपनी या अन्य माध्यम से आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ है तो उसकी भी पूरी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए।जनता को बताया जाए–किस-किस संस्था से कितनी राशि प्राप्त हुई?किस तारीख को कितनी राशि प्राप्त हुई?प्राप्त राशि में से कितना खर्च किया गया?किन-किन कार्यों पर खर्च किया गया?प्रत्येक कार्य पर कितना भुगतान किया गया?÷वर्तमान में कितनी राशि शेष हैशेष राशि से आगे कौन-कौन से कार्य किए जाएंगे?जनता के सामने यह पूरा विवरण आने से ही दलपत सागर के उन्नयन एवं सफाई कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। चुप्पी तोड़ जनता के समक्ष पूरा ब्यौरा सार्वजनिक करे।

नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने आगे कहा कि उन्हें जानकारी मिल रही है कि एनएमडीसी से लगभग ?50 लाख की स्वीकृति पुनः प्राप्त हो रही है, जिसमें प्रथम किस्त के रूप में ?20 लाख की स्वीकृति की बात सामने आ रही है। यदि यह राशि स्वीकृत हुई है तो इसकी आधिकारिक जानकारी के साथ यह भी बताया जाना चाहिए कि राशि प्राप्त होने के बाद इसे किन कार्यों में खर्च किया जाएगा,केवल स्वीकृति की जानकारी देकर जनता को संतुष्ट नहीं किया जा सकता। जनता यह भी जानना चाहती है कि पहले मिली या स्वीकृत राशि का क्या हुआ और उसका धरातल पर कितना काम दिखाई दे रहा है।राजेश चौधरी ने महापौर के उन बयानों पर भी सवाल उठाया, जिनमें कांग्रेस कार्यकाल में कथित भ्रष्टाचार की बात कही जाती है। उन्होंने कहा कि यदि वास्तव में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार हुआ है तो महापौर आज नगर निगम के जिम्मेदार पद पर हैं। उन्हें तत्काल संबंधित मामलों की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करनी चाहिए।सिर्फ बयान देने से भ्रष्टाचार खत्म नहीं होगा। यदि भ्रष्टाचार के प्रमाण हैं तो जांच कराएं और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफकानूनी कार्रवाई करें। ट्रिपल इंजन की सरकार में रहते हुए भी यदि कार्रवाई नहीं होती है और केवल कांग्रेस को बदनाम करने के लिए बयान दिए जाते हैं, तो यह महापौर का सिर्फ जनता को भ्रमित करने का प्रयास माना जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि महापौर को कांग्रेस के नाम की आड़ लेकर अपनी जिम्मेदारियों से बचने के बजाय वर्तमान नगर निगम की कार्यप्रणाली और उपलब्धियों का हिसाब जनता के सामने रखना चाहिए।शहर की जनता दलपत सागर से लेकर कर्मचारियों के वेतन, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के भुगतान, सफाई व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, जलप्रदाय व्यवस्था तथा स्वास्थ्य सुविधाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर जवाब चाहती है। महापौर को इन सभी विषयों पर स्पष्ट और तथ्यात्मक जानकारी जनता के सामने रखनी चाहिए।राजेश चौधरी ने कहा कि दलपत सागर बस्तर और जगदलपुर की ऐतिहासिक धरोहर है। इसके नाम पर करोड़ों रुपये की राशि स्वीकृत होने के बाद शहर की जनता का यह अधिकार है कि उसे एक-एक रुपये के उपयोग की जानकारी मिले।

# शिक्षक राकेश केतारप को 'ज्ञानदीप' सम्मान



- **विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने और नवाचारपूर्ण शिक्षण के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**बीजापुर 7 सितंबर।** शिक्षक दिवस पर जिले के शिक्षक राकेश केतारप को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं समर्पित कार्य के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के 'ज्ञानदीप पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देने और स्कूल में शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने की उनकी मेहनत को इस सम्मान से पहचान मिली है।राकेश केतारप ने पढ़ाई के साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों में बच्चों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। विद्यार्थियों की रुचि और क्षमता को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर देने के साथ उन्होंने विद्यालय में सकारात्मक और प्रेरणादायी वातावरण तैयार करने में अहम भूमिका निभाई।

**मेहनत को मिला सम्मान, बधाइयों का दौर :** शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रतिष्ठित सम्मान मिलने की खबर से परिवार, सहकर्मियों, विद्यार्थियों और शुभचिंतकों में उत्साह है। उन्हें बधाई देने वालों का सिलसिला जारी है। राकेश केतारप का यह सम्मान शिक्षा के प्रति समर्पण और विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने की उनकी प्रतिबद्धता की पहचान है।

# शिक्षक दिवस पर रमेश अनंत को मिला शिक्षादूत सम्मान



**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**कोण्डागांव 7 सितंबर।** 5 सितंबर2026 शिक्षक दिवस के दिन जिला कार्यालय कोंडागांव के सभागार में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में श्री रमेश कुमार अनंत सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला हथकली (मर्दापाल क्षेत्र) संकुल हासेल के शिक्षक को मुख्य अतिथि श्री नीलकंठ टेकाम (विधायक केशकाल) के द्वारा वर्ष 2026 का शिक्षादूत सम्मान से नवाजा गया। श्री रमेश कुमार अनंत शिक्षा के क्षेत्र में 2010 से जुड़े हुए है तब से निरंतर ग्रामीण क्षेत्र में अलख जगा रहे है । अपने कुशाग्र बुद्धि और नवाचारी गतिविधियों से अपने शाला के विद्यार्थीयों को निरंतर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दे रहे है । अपने अध्यापन क्षेत्र के विद्यार्थीयों को शत प्रतिशत दाखिला हो, या सभी विद्यार्थीयों का जाति निवास बनाने का दायित्व को सही समय में पूर्ण करने में अहम योगदान दिए है , राष्ट्रीय कार्य स्क्र जनगणना 2026 ,क्रह जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को भी बखूबी निर्वहन कर रहे हैं, इनके पढ़ाए विद्यार्थी वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन के महत्वकांक्षी योजना प्रयास, और एकलव्य जैसे संस्थान में शिक्षा ग्रहण कर रहे है। श्री अनंत जी शिक्षा के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु कला और सांस्कृतिक, व्यावसायिक शिक्षा में काष्ठ कला, बांस कला, क्ले आर्ट , आर्ट एंड क्राफ्ट में भी अपने विद्यार्थीयों को पारंगत कर अपने शाला और समूचे क्षेत्र का नाम गौरव बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे है।

## केदार कश्यप के लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ क्षेत्र को मिल रहा : संग्राम सिंह राणा

**जगदलपुर, 7 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं वन, परिवहन,जलवायु परिवर्तन सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने अपने लंबे राजनीतिक एवं मंत्री पद के कार्यकाल से एक महत्वपूर्ण पहचान बनाई है। चार बार मंत्री पद की शपथ लेने वाले केदार कश्यप ने 6 सितंबर 2026 तक लगभग 6,472 दिन यानी 17 वर्ष 8 माह मंत्री के रूप में सेवा दी है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि जनविश्वास, संगठन के भरोसे और निरंतर जनसेवा से निर्मित एक लंबी राजनीतिक यात्रा का प्रमाण है। करीब 18 वर्षों की मंत्री पद की सेवा उनके व्यापक प्रशासनिक अनुभव, मजबूत नेतृत्व क्षमता और जनता के प्रति निरंतर समर्पण को दर्शाती है। लंबे समय तक सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए उन्होंने क्षेत्र और प्रदेश के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है।



राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा कि केदार कश्यप केवल एक अनुभवी राजनेता ही नहीं, बल्कि मजबूत नेतृत्व और निरंतर जनसेवा के संकल्प का नाम हैं। उनके लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ क्षेत्र के विकास को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव में विकास कार्य निरंतर तेज गति से जारी हैं। डबल इंजन भाजपा सरकार में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित करते हुए स्वर्णिम अध्याय की ओर आगे बढ़ रहा है।

# बस्तर संभाग में 48 दिव्यांगों का मोटराइज्ड व्हीलचेयर के लिए किया गया पूर्व परीक्षण

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**जगदलपुर, 07 सितंबर।** सक्षम छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा मोटराइड्ड व्हीलचेयर वितरण प्रकल्प (फेज़ड्ड3) के अंतर्गत आज श्री जगन्नाथ मंदिर, जगदलपुर में बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से आए अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज्ड व्हीलचेयर नियोबोल्ट वितरण हेतु शारीरिक माप एवं पूर्व परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से आए 40 दिव्यांगजनों का शारीरिक माप एवं आवश्यक परीक्षण किया गया। साथ ही ओडिशा से आए 8 दिव्यांगजनों का भी माप एवं पूर्व परीक्षण किया गया। इस प्रकार कुल 48 दिव्यांगजनों का NeoBolt मोटराइज्ड व्हीलचेयर हेतु Assessment सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रकल्प दिव्यांगजनों को अधिक स्वावलंबी, गतिशील एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मोटराइज्ड व्हीलचेयर के माध्यम से दिव्यांगजनों को दैनिक जीवन, शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक गतिविधियों में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. अनुरूप साहू अधीक्षक मेडिकल कॉलेज जगदलपुर; चंद्रप्रकाश देवांगन देवानंद समाज प्रमुख; हेमंत पांडे समाजसेवी; सक्षम प्रांत समन्वयक सतीश राजवाड़े , रोशन चंद्राकर डिप्टी डायरेक्टर रेशम विभाग; प्राची गर्ग प्रांत बौद्धिक प्रमुख राष्ट्रीय सेविका समिति; संगीता महापात्र राष्ट्रीय सेविका समिति; विश्वजीत सरमंडल, सक्षम मोटराइज्ड व्हीलचेयर वितरण प्रभारी; संजय पदवाड; अविनाश, इंजीनियर, NeoMotion कंपनी; मानसिंह बंजारे कृषि अभियंता जगदलपुर; कुणाल चालीसगावरकर; दुर्लभ पाणिग्रही; मोहन पाणिग्रही, संजय चंद्रा एवं आकाश गौतम सहित अन्य गणमान्य जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सक्षम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को केवल सहायक उपकरण उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि उन्हें सम्मानजनक, स्वावलंबी एवं आत्म निर्भर जीवन की ओर अग्रसर करना है।



# सबसे लंबे समय तक छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री रहने का रिकॉर्ड केदार के नाम हुआ दर्ज

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**जगदलपुर, 7 सितंबर।** बस्तर जिले के भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री रजनीश पानीग्राही ने छत्तीसगढ़ के रजनैतिक इतिहास में सबसे लंबे समय तक मंत्री रहने का रिकॉर्ड केदार कश्यप के नाम दर्ज होने पर उन्होने बस्तर के अपने कद्दावर नेता एवं छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री केदार कश्यप को अशेष शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए छत्तीसढ़ के राजनैतिक क्षितिज पर उत्तरोत्तर अग्रसर होने की मंगलकामना की है ।



रजनीश पानीग्राही ने बताया कि बस्तर की धरती से उनका राजनैतिक सफर सरकार बदलने और हर लहर के थपेड़े झेलने के बावजूद बेधड़क आगे बढ़ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के तीनों कार्यकाल में वे लगातार 15 वर्ष मंत्री रहे, तब वे सबसे कम उम्र के मंत्रियों में गिने जाते थे, और अब साय सरकार में चौथी बार ढाई साल से मंत्रालय संभाल रहे हैं। इसे जोड़ लें तो आंकड़ा 17 वर्ष 9 महीने का बैठता है।

उन्होने कहा कि केदार कश्यप ने जो पैमाना तय किया है, वहां तक पहुंचना किसी भी राजनैतिक धुरंधर के लिए आसान तो कतई नहीं है। इसके लिए सिर्फ चुनाव जीतना ही काफी नहीं है, लगातार ढाई दशक तक बस्तर संभाग सहित छत्तीसगढ़ की राजनीति में बने रहना होता है। उनका कहना है कि एक दौर वह था जब मंत्री लंबी पारी बेफिक्र होकर रहते थे, लेकिन आज का आलम यह है कि कोई भी मंत्री अपनी कुर्सी को लेकर आश्वस्त नजर नहीं आता। मंत्रियों के लिए हर गुजरता दिन एक राहत की सांस लेकर आता है । इन परिस्थितियों में केदार कश्यप का छत्तीसगढ़ के इतिहास में सबसे लंबे समय तक मंत्री रहने का रिकॉर्ड के लिए बस्तर संभाग में उनकी सशक्त पकड़ और पूरे छत्तीसगढ़ में उनकी राजनैतिक स्वीकार्यता को माना जाता है।

रजनीश पानीग्राही ने बताया यह भी बताया कि केदार कश्यप का यह सफर छत्तीसगढ़ की राजनीति में बदस्तूर जारी है। रिकॉर्ड की इस दौड़ में उनके ठीक पीछे बृजमोहन अग्रवाल हैं। रमन सिह की सरकार में पूरे 15 वर्ष सत्ता के सबसे मजबूत स्तंभ में से एक रहे बृजमोहन अग्रवाल विष्णुदेव साय की सरकार में भी लगभग 6 महीने मंत्री रहे। रायपुर के सांसद बनने के बाद उनकी केबिनेट मंत्री की पारी थमी। बृजमोहन अग्रवल लगभग 15 वर्ष 6 महीने छत्तीसगढ़ में मंत्री रहे।

# निर्माण स्थल से मिली 8 बालिकाएं,बाल श्रम पर ठेकेदार पर होगी कार्रवाई

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**जगदलपुर, 7 सितंबर।** जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बाल श्रम के खिलाफजिला प्रशासन और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निर्माण स्थल से 8 नाबालिग बालिकाओं को रेस्क्यू किया है। यह कार्रवाई सिटी ग्राउंड के सामने हाउसिंग बोर्ड की बहुमंजिला इमारत के निर्माण स्थल पर की गई। अधिकारियों के अनुसार, नाबालिगों से बाल श्रम कराने के मामले में जिम्मेदार ठेकेदार और संबंधित निर्माण एजेंसी के खिलाफबाल श्रम निषेध कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बच्चों से मजदूरी कराने वालों के खिलाफअभियान आगे भी जारी रहेगा। थाना कोतवाली प्रभारी लीलाधर राठौर ने आज रविवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि निर्माण स्थल पर नाबालिग बच्चों से मजदूरी कराई जा रही है। सूचना के बाद पुलिस, श्रम विभाग और चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर औचक जांच की। जांच के दौरान 8 नाबालिग बालिकाएं निर्माण कार्य में मजदूरी करती मिलीं। टीम ने तत्काल सभी बालिकाओं को काम से मुक्त कराकर सुरक्षित संरक्षण में लिया। प्रारंभिक जांच में उनके बस्तर जिले की निवासी होने की जानकारी सामने आई है। रेस्क्यू के बाद सभी बालिकाओं को नियमानुसार चाइल्ड लाइन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां उनकी काउंसलिंग, संरक्षण और पुनर्वास की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

## 26 साल में चौथा बार महासंयोग, हरतालिका तीज संग गणेश चतुर्थी,

**जगदलपुर 7 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इस बार 14 सितंबर का दिन धर्म और आस्था के लिहाज से बेहद खास रहने वाला है। हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी एक ही दिन मनाई जाएगी। तिथि भेद के कारण बने इस संयोग को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है।

पंडित अरकीत दास ने बताया कि 14 सितंबर को सुबह 7:09 बजे तक तृतीया तिथि रहेगी, जिसके चलते हरतालिका तीज का व्रत इसी दिन जो 15 सितंबर सुबह 7:45 बजे तक रखा जाएगा। इसके बाद चतुर्थी प्रारंभ होगी, जो 15 सितंबर सुबह 7-45 बजे तक रहेगी। भगवान गणेश का जन्म दोपहर में माना जाता है, इसलिए दोपहर व्यापिनी चतुर्थी में 14 सितंबर को ही गणपति स्थापना करना शुभ रहेगा।

वर्ष 2000 के बाद ऐसा संयोग चौथी बार बन रहा है। इससे पहले 2004, 2011 और 2023 में हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी एक साथ आई थीं। इस बार सोमवार और चित्रा नक्षत्र का संयोग भी रहेगा। हरतालिका तीज पर महिलाएं निर्जला व्रत रखकर शिव-पार्वती की आराधना करेंगी, वहीं गणपति स्थापना के साथ घरों में सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। गणपति स्थापना के लिए पूजा स्थल को स्वच्छ कर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करें। प्रतिमा के दाईं ओर तांबे या चांदी के कलश में जल भरकर रखें। कलश के नीचे अक्षत रखें और उस पर मोती बांधने की परंपरा है। गणपति के बाईं ओर अक्षत के ऊपर घी का दीपक जलाएं। श्रद्धा से पूजन और मंत्र-जप करने के बाद आरती करें। पंडित अरकीत दास के अनुसार पूजा और माला-जप का समय एक रखने से साधना का विशेष फल मिलने की धार्मिक मान्यता है। हरतालिका तीज सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखने वाला व्रत है। महिलाएं पति की दीर्घायु, अखंड सौभाग्य और सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना से निर्जला व्रत रखती हैं। पंडित अरकीत दास ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी।

## एक नजर

### शिक्षक दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्यों का सम्मान, नगर पंचायत अध्यक्ष ने जताया आभार



**अंवरी, 7 सितंबर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर पंचायत भखारा-भठेली की अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्यों का सम्मान कर उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण, सेवाभाव और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री तामेश्वर सिन्हा, श्रीमती तर्जनी साहू, श्रीमती लक्ष्मी साहू, श्रीमती पदमनी साहू, श्रीमती ठगेश्वरी साहू, श्री चोमेश्वर साहू एवं श्रीमती यशोदा साहू (आया) का सम्मान किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा प्रदान करने का कार्य नहीं करते, बल्कि बच्चों में संस्कार, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रप्रेम की भावना का निर्माण करते हैं। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में आचार्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम के दौरान सरस्वती शिशु मंदिर के विकास एवं आवश्यक सुविधाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर भी चर्चा की गई। विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने, विद्यार्थियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने तथा विद्यालय के समग्र विकास को लेकर विचार-विमर्श किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने विद्यालय के विकास में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कार से जुड़ी संस्थाओं का विकास समाज के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### आकांक्षी जिला एवं विकासखंड कार्यक्रम के सूचकांकों की कलेक्टर ने की समीक्षा

**महासमुंद, 7 सितंबर।** आकांक्षी जिला एवं विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में जिले में निर्धारित विभिन्न सूचकांकों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, राज्य नोडल अधिकारी श्री शिवम मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री अनुपमा आनंद ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर सूचकांकों की वर्तमान स्थिति, प्रगति एवं सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास तथा आधारभूत सुविधाओं से संबंधित संकेतकों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आकांक्षी जिला एवं विकासखंड कार्यक्रम के प्रत्येक सूचकांक को प्राथमिकता के साथ लिया जाए तथा जिन संकेतकों में जिले अथवा विकासखंड की स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर है, उनमें सुधार के लिए विभागवार कार्ययोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। शिक्षा के संकेतकों पर विशेष फोकस समीक्षा के दौरान शिक्षा विभाग से संबंधित संकेतकों की विशेष रूप से समीक्षा की गई। बैठक के पूर्व राज्य नोडल अधिकारी द्वारा मैदानी निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया एवं सीधे हितग्राहियों एवं ग्रामीणों से चर्चा की गई

बैठक में विकासखंड पिथौरा में हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या कम पाए जाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को विद्यालयवार स्थिति का विश्लेषण कर कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यालयों को चिन्हांकित करने, विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि बढ़ाने के लिए नियमित मॉनिटरिंग, अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग एवं आवश्यक सुधारात्मक गतिविधियां संचालित करने कहा गयाइसी तरह कम्युनिटी लाइब्रेरी के निर्माण/व्यवस्था को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सके। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लाइब्रेरी को केवल भवन तक सीमित न रखते हुए पुस्तकों, अध्ययन सामग्री एवं उपयोगी संसाधनों से सुसज्जित कर नियमित उपयोग सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार के लिए सतत निगरानी स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आने वाले आकांक्षी जिला कार्यक्रम के विभिन्न संकेतकों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण तथा स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच से जुड़े संकेतकों में निरंतर सुधार के लिए मैदानी स्तर पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। कमजोर संकेतकों वाले क्षेत्रों की पहचान कर लक्षित हस्तक्षेप करने पर जोर दिया गया।बैठक में निर्देश दिए गए कि आकांक्षी जिला एवं विकासखंड कार्यक्रम से संबंधित सभी गतिविधियों एवं उपलब्धियों का समयावधि में डाटा एंट्री सुनिश्चित किया जाए।

#### ग्राम बोड़राबांधा में रविवार का दिन विकास के नजरिए से खास रहा

# विधायक रोहित साहू ने लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 7 सितंबर।** ग्राम बोड़राबांधा में रविवार का दिन विकास और उम्मीदों के नाम रहा। राजिम विधायक रोहित साहू के गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने उनका आत्मीय एवं जोरदार स्वागत किया। विधायक ने ग्रामीणों को एक के बाद एक विकास कार्यों की सौगात देते हुए विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान पूरा कार्यक्रम स्थल ग्रामीणों की तालियों और उत्साह से गूंजता रहा। विधायक रोहित साहू ने ग्राम पंचायत बोड़राबांधा में 5 लाख 20 हजार रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण, 28 लाख 51 हजार रुपये की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण, 10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण तथा 10 लाख रुपये की लागत से टीनाशेड निर्माण का भूमिपूजन किया। इन कार्यों के शुरू होने से ग्रामीणों को सड़क, स्वास्थ्य सुविधा और सामुदायिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद जगी है।मंच से हुई दो बड़ी घोषणाएं, खुशी से झूम उठे ग्रामीणभूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक साहू ने ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए आहता निर्माण तथा शीतला मंदिर जीर्णोद्धार की घोषणा की। जैसे ही विधायक ने दोनों घोषणाएं कीं, कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताते हुए कहा कि गांव की वर्षों पुरानी जरूरतों को पूरा करने की दिशा में लगातार काम हो रहा है।विधायक रोहित साहू बोले–जनता ने भरोसा दिया है, विकास करके विश्वास लौटाना मेरा संकल्प सभा को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि बोड़राबांधा के ग्रामीणों की मांगों को उन्होंने प्राथमिकता से लिया है। स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं किसी भी गांव के विकास की पहली सीढ़ी हैं। इसलिए इन कार्यों को केवल निर्माण कार्य के रूप में नहीं, बल्कि ग्रामीणों के बेहतर भविष्य की नींव के रूप में देखा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि राजिम विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक गांव उनका अपना परिवार है और गांवों की समस्याओं को सुनना तथा उनका समाधान कराना उनकी पहली जिम्मेदारी है। विधायक बनने के बाद से ही उन्होंने क्षेत्र के गांव-गांव तक विकास पहुंचाने का संकल्प लिया है। जहां जिस सुविधा की आवश्यकता है, वहां उसी प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है।विधायक साहू ने कहा कि सड़क बेहतर होगी तो आवागमन आसान होगा, उप स्वास्थ्य केंद्र बनेगा तो ग्रामीणों को उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और सामुदायिक भवन व टीनाशेड बनने से गांव में सामाजिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि विकास का असली मतलब तभी है, जब उसका सीधा लाभ आम ग्रामीण को मिले।उन्होंने कहा कि राजिम विधानसभा के विकास को लेकर वे किसी तरह की कमी नहीं छोड़ेंगे। क्षेत्र के गांवों में अधोसंरचना मजबूत करने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।



#### स्वागत से लेकर विदाई तक दिखा उत्साह

विधायक रोहित साहू के बोड़राबांधा पहुंचने पर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विकास कार्यों के भूमिपूजन और घोषणाओं से ग्रामीणों में खुशी का माहौल रहा।बोड़राबांधा में रविवार को सिर्फ भूमिपूजन नहीं हुआ, बल्कि गांव की विकास यात्रा को नई दिशा देने का संदेश भी मिला। सीसी सड़क, उप स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक भवन और टीनाशेड जैसी सुविधाओं के साथ आहता निर्माण एवं शीतला मंदिर जीर्णोद्धार की घोषणा ने ग्रामीणों की उम्मीदों को और मजबूत कर दिया।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष, खोमन चंद्राकर, भाजपा जिला उपध्यक्ष केश्वरी ध्रुव, पूर्व जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, सरपंच भोज नागेश, राजू साहू,मानसिंह, निषाद, टीकेश्वर वर्मा, नरेश निषाद, सूजल कोठरी, विष्णु नागेश, रामकुमार यादव, गुलाब दीवान, मानिक साहू, ओमप्रकाश पटेल, दुवासु ठाकुर, डिगेश्वर ठाकुर, लाल सिंह, कोमल साहू उपस्थित थे।

# झीरमकांड में मिला आधा न्याय,साजिशकर्ताओं पर भी कार्रवाई हो:कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़,7 सितंबर।** झीरमकांड मामले में एनआईए कोर्ट के फैसले के बाद जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से रविवार को पत्रकारवार्ता आयोजित की गई। कांग्रेस नेताओं ने अदालत के फैसले का सम्मान करते हुए मामले की जांच को अधूरा बताया और कहा कि झीरम नरसंहार में अभी कई अहम सवालों के जवाब सामने आना बाकी हैं। कांग्रेस ने घटना की दोबारा व्यापक जांच कर कथित साजिशकर्ताओं और घटना के सूत्रधारों पर भी कार्रवाई की मांग की।

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि 25 मई 2013 को झीरम घाटी में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हुए नक्सली हमले में वरिष्ठ नेताओं समेत 32 लोगों की हत्या हुई थी। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक एनआईए कोर्ट का फैसला जांच एजेंसी द्वारा अदालत के समक्ष रखे गए तथ्यों के आधार पर आया है। उनका आरोप है कि जांच के दौरान घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज किया गया।

### राजनीतिक साजिश की जांच नहीं होने का आरोप

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि एनआईए ने घटना के पीछे कथित राजनीतिक षडयंत्र के पहलू की पर्याप्त जांच नहीं की। उन्होंने कहा कि मामले में जिन 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर दोषी ठहराया गया है, वे नक्सली संगठन के छोटे स्तर के सदस्य थे। कांग्रेस का दावा है कि इतनी बड़ी घटना बड़े नक्सली नेताओं के निर्देश के बिना संभव नहीं थी।कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि शुरुआती एफआईआर में बड़े नक्सली नेताओं के नाम शामिल किए गए थे, लेकिन बाद की जांच में उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई।

### कांग्रेस ने उठाए सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

पत्रकारवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने परिवर्तन यात्रा की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि यात्रा की सुरक्षा क्यों हटाई गई थी और यात्रा का मार्ग किसके निर्देश पर बदला गया था। इसके अलावा उन्होंने हमले की योजना और सुरक्षा व्यवस्था में हुई कथित चूक की भी जांच की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बाद में कई बड़े नक्सली नेताओं के आत्मसमर्पण के दौरान सरकार की ओर से उनके झीरम हमले में शामिल होने की बात कही गई थी। ऐसे में कांग्रेस ने सवाल उठाया कि एनआईए ने आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों से पूछताछ क्यों नहीं की। उन्होंने घटना के प्रत्यक्षदर्शियों से पर्याप्त पूछताछ नहीं किए जाने का भी आरोप लगाया।कांग्रेस नेताओं के अनुसार, एनआईए ने 26 लोगों को नामजद कर फरार घोषित किया था। इनमें बसवराजू, गणेश उईके, रूपेश उर्फ संजीव, सुरेंद्र उर्फ रामचंद्र रेड्डी, जयदेव उर्फ बड्डा देव और सोनू उर्फ भूपति सहित अन्य नाम शामिल थे। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि इनमें से कई लोगों के बाद में आत्मसमर्पण करने के बावजूद उनसे एनआईए ने कब और किस स्तर पर पूछताछ की तथा उनकी भूमिका की जांच किस तरह की गई।

### झीरमकांड का पूरा सच सामने आना बाकी

जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी ने कहा कि कांग्रेस अदालत के फैसले का सम्मान करती है, लेकिन झीरमकांड का पूरा सच अभी सामने नहीं आया है।

# जुनवानी से चिखली तक बनने वाली सड़क का भूमिपूजन देवलाल ने किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दल्लीराजहरा,7 अगस्त।** डौंडी विकासखंड के अंतिम छोर स्थित ग्राम जुनवानी से लोहारा विकासखंड के ग्राम चिखली तक बनने वाली बहुप्रतीक्षित सड़क का भूमिपूजन रविवार को प्रदेश भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क के निर्माण से वर्षों पुरानी ग्रामीणों की मांग पूरी होने जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता संजय बैस ने की।भूमिपूजन स्थल पर सर्वप्रथम धरती माता एवं ग्राम देवी-देवताओं का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से अतिथियों का भव्य एवं जोशीला स्वागत किया। इस अवसर पर जुनवानी और चिखली सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।ग्रामवासी हरिश्चंद्र नायक, सालिक राम और देवलाल कोर्राम ने कहा कि जुनवानी-चिखली सड़क की मांग वर्षों से की जा रही थी। कई बार भूमिपूजन हुए, लेकिन राशि स्वीकृत नहीं होने से निर्माण शुरू नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि इस बार अपनी समस्या देवलाल ठाकुर के समक्ष रखने के बाद मामला मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तक पहुंचा, जिसके परिणामस्वरूप 12 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली। सड़क बनने से करीब 30 किलोमीटर की दूरी घटकर लगभग 5 किलोमीटर रह जाएगी

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा नेता संजय बैस ने कहा कि यह केवल सड़क का भूमिपूजन नहीं, बल्कि वर्षों से संघर्ष कर रहे जुनवानी और चिखली के ग्रामीणों की जीत है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पहाड़ों के बीच बनने वाली यह सड़क क्षेत्र के विकास की नई तस्वीर लिखेगी। इससे किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी, मरीजों को अस्पताल, बच्चों को स्कूल-कॉलेज तक पहुंचने में समय बचेगा तथा कुसुमकसा सहित आसपास के क्षेत्रों में व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।मुख्य अतिथि एवं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि यह सड़क केवल दो गांवों को नहीं, बल्कि डौंडी और लोहारा–दोनों विकासखंडों के लोगों के दिलों को जोड़ने वाली विकास की जीवनरेखा बनेगी।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगौद में मनाया गया शिक्षक दिवस

**अंवरी, 7 सितंबर।** बगौद में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया! इस अवसर पर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डाला गया साथ ही साथ शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा जीवन में शिक्षा एवं अनुशासन के महत्व के बारे में बताया गया! डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बताए मार्गो पर चलते हुए एक श्रेष्ठ नागरिक बनने का संदेश दिया गया! कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं श्री जी के साहू, श्री एम के शोरी, श्री विकास गौर, श्री एन आर साहू, श्री के के साहू, श्री टी के साहू, श्री अजीत तिर्की, श्री गजेंद्र टंडन,श्रीमती अनामिका चंद्राकर, श्रीमती एलिस शालिनी एक्का, श्रीमती वर्षा केला, श्रीमती तेजीन बैस, श्रीमती अनीता कुर्रे,डालेश्वरी निर्मलकर, मंदाकिनी ध्रुव, माखन पटेल एवं सभी छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रज्ञा महिला मंडल ने किया समाजसेवियों एवं शिक्षकों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 7 सितंबर।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में गायत्री शक्तिपीठ छुरा में प्रज्ञा महिला मंडल द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज, शिक्षा, संस्कार एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में तिजउ राम साहू, कैलाश पटेल, पुखराज ठाकुर, सुरेश साहू, केशव प्रसाद साहू, नरसिंह सोम, हेमंत साहू, दीपिका पटेल, शीतल ध्रुव, मीणा यादव, कीर्ति यादव, भुनेश्वरी पटेल, शकुंतला ध्रुव, खुशबुरानी ठाकुर, योगाचार्य मिथलेश सिन्हा, बाल संस्कार शाला शिक्षिका दीपाली सारस्वत एवं नंदनी साहू का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं सम्मानित अतिथियों ने शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण के महत्व पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार और चरित्र निर्माण भी आवश्यक है। उन्होंने वर्तमान समय में बढ़ती मोबाइल की लत से बच्चों एवं युवाओं को बचाने तथा मोबाइल के संतुलित एवं सकारात्मक उपयोग के लिए जागरूक करने पर जोर दिया। वक्ताओं ने समाज में बढ़ती विभिन्न प्रकार की नशे की प्रवृत्तियों से दूर रहने तथा युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, संस्कारित और नशामुक्त युवा ही मजबूत समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में प्रज्ञा मंडल की सदस्या एवं संरक्षिका कमला सारस्वत, महेश्वरी साहू, भगवती साहू, त्रिवेणी साहू, नीतू साहू, खिलेश्वरी सोम, मेनका साहू, संध्या यदु, हर्षिता पटेल, दिलीप यदु, भुनेश्वर पटेल, पुष्पा एवं तन्मय सहित प्रज्ञा महिला मंडल की सदस्याएं उपस्थित रहीं। प्रज्ञा महिला मंडल द्वारा आयोजित यह सम्मान एवं जागरूकता कार्यक्रम शिक्षा, संस्कार, नशामुक्ति और राष्ट्र निर्माण का संदेश देते हुए प्रेरणादायी रहा।

## समाचार संक्षेप

### बैंक सखी करिश्मा दे रही बैंकिंग सेवाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दल्लीराजहरा,7 सितंबर।** सुदूर वनांचल में बसे ग्रामीणों के लिए कभी बैंक जाना और सरकारी योजनाओं की राशि निकालना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं था। लेकिन बालोद जिले के डौंडी विकासखंड स्थित ग्राम नलकसा की करिश्मा ढीमर ने इस तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़कर 'बैंक सखी' बनीं करिश्मा आज वनांचल में घर-घर जाकर ग्रामीणों को वित्तीय सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं। करिश्मा अपने और आसपास के लगभग आठ गांवों में बैंकिंग सेवाएं दे रही हैं। वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विकसित भारत जी राम जी जैसी महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं की राशि का भुगतान वे सीधे ग्रामीणों के दरवाजे पर माइक्रो एटीएम के जरिए करती हैं। नकद निकासी के अलावा बिजली बिल भुगतान, मोबाइल रिचार्ज और मनी ट्रांसफर जैसी सुविधाएं भी वे ग्रामीणों को उपलब्ध करा रही हैं। इससे ग्रामीणों को बैंक के चक्कर काटने, लंबी कतारों में लगने और आवागमन में होने वाले खर्च व समय की बर्बादी से मुक्ति मिल गई है।करिश्मा की यह पहल न केवल ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हुई है, बल्कि खुद उनके स्वावलंबन का बड़ा आधार बनी है। वे हर महीने औसतन 8 से 9 लाख रुपये का डिजिटल लेन-देन करती हैं। इससे उन्हें कमीशन के रूप में प्रतिमाह 18,000 से 20,000 रुपये तक की आमदनी हो रही है। इस आय से वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूती से संभाल रही हैं और सम्मानजनक जीवन जी रही हैं।अपनी सफलता और ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आ रहे बदलाव से उत्साहित करिश्मा ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में चलाई जा रही योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा, ÷महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें स्वाभिमान से जीने का अवसर देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दी।

### पुलिस विभाग ने किया शिक्षक के.आर. सिन्हा को सम्मानित



**छुरा, 7 सितंबर।** समाज में बढ़ती डिजिटल गतिविधियों और ऑनलाइन अपराधों की रोकथाम के लिए चलाई जा रही जागरूकता मुहिम को पुलिस विभाग द्वारा विशेष सराहना मिली है। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु डीएसपी गरिमा दादर द्वारा लोकगीत गायक, सेवानिवृत्त व्याख्याता के.आर. सिन्हा, से. नि. शिक्षक उखराज ध्रुवा, शिक्षक योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा को शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया। डीएसपी दादर ने कहा कि आज शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर पुलिस अधिकारी के रूप में आपको सम्मानित करते हुए मुझे गर्व हो रहा है क्योंकि मैं भी एक शिक्षक की बेटी हूँ। जब मैं छोटी थी, तब अपने माता-पिता को देर रात तक कॉपी-किताबें जाँचते, अगले दिन के पाठ की तैयारी करते और बच्चों के भविष्य को सँवारने के लिए जी-तोड़ मेहनत करते देखा करती थी। मैंने बहुत करीब से देखा है कि एक शिक्षक का जीवन कितना निस्स्वार्थ होता है। पुलिस की वर्दी पहनने के बाद अनुशासन, सेवा और निष्ठा के जो संस्कार आज मेरे भीतर हैं, उनकी नींव मेरे घर में एक शिक्षक द्वारा ही रखी गई थी। आज साइबर सुरक्षा के दौर में जब अपराध का दायरा डिजिटल हो चुका है, तब समाज को कानून से ज़्यादा %जागरूकता% की ज़रूरत है। पुलिस जब किसी अपराध के बाद कार्रवाई करती है, तो वह व्यवस्था संभालती है। लेकिन एक शिक्षक जब बच्चे को सही और गलत का अंतर सिखाता है, तो वह अपराध को होने से ही रोक देता है। आप केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि बच्चों को डिजिटल युग के जोखिमों से बचाकर एक ज़िम्मेदार और जागरूक नागरिक बनाते हैं। जिस तरह एक पुलिस अधिकारी समाज की भौतिक सुरक्षा करता है, उसी तरह एक शिक्षक समाज के विचारों और चरित्र की सुरक्षा करता है। एक शिक्षक की बेटी होने के नाते, मैं यह अच्छी तरह जानती हूँ कि आपका काम केवल छ- घंटे की नौकरी नहीं, बल्कि 24 घंटे का एक संकल्प है। डीएसपी दादर ने सेवानिवृत्त व्याख्याता के.आर. सिन्हा से शिक्षकीय जीवनकाल के बारे में लम्बी चर्चा की। सिन्हा की जमकर प्रशंसा करते हुए समाज का गौरव कहा। इस अवसर पर छुरा थाना के स्टॉफ मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से जिले के 24 शिक्षक सम्मानित

**कांकेर, 7 सितम्बर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला पंचायत कांकेर में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिले के 24 शिक्षकों को उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इनमें प्राथमिक शालाओं के 21 शिक्षकों को शिक्षा दूत पुरस्कार तथा माध्यमिक शालाओं के 03 शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरस्कार प्रदान किया गया। शिक्षा दूत पुरस्कार के लिए जिले के प्रत्येक विकासखंड से 03-03 शिक्षकों का विकासखंड स्तर पर चयन किया गया था। इसी प्रकार ज्ञानदीप पुरस्कार के लिए माध्यमिक शाला के 03 शिक्षकों का जिला स्तर पर चयन किया गया। शिक्षा दूत पुरस्कार से सम्मानित प्रत्येक शिक्षक को 5 हजार रुपये तथा ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मानित प्रत्येक शिक्षक को 7 हजार रुपये की नगद पुरस्कार राशि के साथ प्रशस्ति पत्र मोमेन्टो प्रदान की गई। इस प्रकार कुल 24 शिक्षकों को सम्मानित करते हुए 1 लाख 26 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

# लिबरा में हुई हिंसा के मामले में 3 महिलाओं समेत 5 लोग गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़,7 सितंबर।** रायगढ़। जिले के तमनार स्थित ष्ट॥क्क चौक लिबरा में हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में इन पांचों की मारपीट की घटना में भूमिका सामने आने के बाद उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद गिरफ्तारी की कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने अब तक कुल 38 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। पुलिस के अनुसार, हिंसा से जुड़े अन्य फरार आरोपियों की तलाश लगातार जारी है।

### आंदोलन के दौरान बिगड़ी थी स्थिति



जानकारी के मुताबिक, गारे पेलमा सेक्टर-1 कोल परियोजना की जनसुनवाई के विरोध में प्रभावित गांवों के लोग दिसंबर 2025 से लिबरा स्थित ष्ट॥क्क चौक पर धरना-प्रदर्शन और आर्थिक नाकेबंदी कर रहे थे। आंदोलन के दौरान प्रशासन और पुलिस की ओर से प्रदर्शनकारियों से लगातार शांति बनाए रखने और कानून व्यवस्था का पालन करने की अपील की जा रही थी। इसी दौरान 27 दिसंबर 2025 को आंदोलन अचानक उग्र हो गया। स्थिति बिगड़ने के बाद पुलिस ने हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में अपराध दर्ज किया। पुलिस के अनुसार, मामले में मारपीट, पुलिस बल पर हमला, लूटपाट, आगजनी, बलवा, शासकीय काम में बाधा और एट्रोसिटी समेत कई गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

### पांच नए आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

पुलिस की जांच के दौरान मारपीट की घटना में कमलेश सेठ (26), निवासी बिजना, अंबिका चौधरी (55), निवासी आमगांव, सुनाउ सिदार (62), निवासी लिबरा, तपस्विनी प्रधान (35), निवासी झरना और भगवती सिदार (47), निवासी धौराभाठा की भूमिका की पुष्टि होने की बात पुलिस ने कही।इसके बाद पुलिस ने पांचों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान अपराध में शामिल होने की बात सामने आने के बाद पांचों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद सभी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।इस कार्रवाई के साथ तमनार हिंसा मामले में गिरफ्तार आरोपियों की कुल संख्या 38 हो गई है। पुलिस अब उन आरोपियों की तलाश कर रही है, जिनकी भूमिका मामले में सामने आई है लेकिन वे अभी गिरफ्त से बाहर हैं।

### पहले भी तीन आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में पुलिस इससे पहले भी कार्रवाई कर चुकी है। जानकारी के अनुसार, राजेश मरकाम को 1 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद अनिल बेहरा की गिरफ्तारी 10 अगस्त को हुई। वहीं शिवशंकर प्रधान उर्फ शंकर गुप्ता को 2 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था।पुलिस की जांच आगे बढ़ने के साथ हिंसा में शामिल अन्य लोगों की पहचान और उनकी भूमिका की पड़ताल की जा रही है। इसी जांच के दौरान पांच नए आरोपियों की भूमिका सामने आने पर यह गिरफ्तारी की गई।

### पुलिस पर हमले का लगा आरोप

27 दिसंबर को CHP चौक पर आंदोलन के उग्र होने के दौरान भीड़ और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति बनी थी। पुलिस के मुताबिक, राजेश मरकाम, अनिल बेहरा समेत कुछ अन्य लोगों पर भीड़ को उकसाने का आरोप है।

## एक नजर

### महिला क्रिकेट टीम की शानदार जीत पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दी बधाई

**रायपुर, 7 सितंबर।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने महिला एशिया कप 2026 में पाकिस्तान के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम की यह जीत केवल एक मैच की जीत नहीं, बल्कि हमारी बेटियों की मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की जीत है। टीम ने शानदार खेल भावना और बेहतरीन प्रदर्शन के साथ देशवासियों को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का लगातार शानदार प्रदर्शन देश की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है। खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण यह संदेश देता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। मंत्री श्री चौधरी ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सभी खिलाड़ियों को भविष्य के मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश को अपनी बेटियों पर गर्व है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि टीम आगे भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का मान बढ़ाएगी।

### छत्तीसगढ़ में मानसून का संतुलित असर

**रायपुर, 7 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में मानसून की स्थिति फिलहाल संतुलित बनी हुई है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 6 सितंबर 2026 की स्थिति में जारी वर्षा के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 1 जून से अब तक औसतन 926.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जबकि पिछले 10 वर्षों के औसत के आधार पर इस अवधि में 920.3 मिलीमीटर वर्षा अपेक्षित थी। इस तरह प्रदेश में अब तक सामान्य की तुलना में 100.7 प्रतिशत वर्षा हो चुकी है। प्रदेश में आज औसतन 0.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। पिछले 10 वर्षों के औसत वार्षिक वर्षापात की तुलना में प्रदेश में अब तक की वर्षा 1238.7 मिलीमीटर के मुकाबले उल्लेखनीय स्थिति में है। जिलेवार स्थिति देखें तो बलरामपुर में अब तक सर्वाधिक 1,438.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो सामान्य वर्षा की तुलना में 179.4 प्रतिशत है। इसके बाद बीजापुर में 1,236.8 मिलीमीटर, नारायणपुर में 1,285.7 मिलीमीटर, दंतेवाड़ा में 1,083.4 मिलीमीटर, कांकेर में 802.8 मिलीमीटर तथा सुकमा में 857.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। वहीं बेमेतरा में अब तक सबसे कम 540.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

### प्रदेश के शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार मिलने पर वित मंत्री ने दी बधाई

**रायपुर, 7 सितंबर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी के करकमलों से छत्तीसगढ़ के शिक्षकों को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026' से सम्मानित किए जाने पर वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश के शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होना छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। यह सम्मान शिक्षकों की निष्ठा, समर्पण, नवाचार और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों का प्रमाण है। शिक्षकों ने अपने ज्ञान, संस्कार और प्रयासों से विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के साथ प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 से सम्मानित शिक्षकों की उपलब्धि प्रदेश के अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सभी सम्मानित शिक्षकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करते रहने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### हर गांव में चलेगा स्वच्छता का व्यापक अभियान

**मोहला 7 सितंबर।** कलेक्टर के निर्देशानुसार तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री उज्जवल पोरवाल के निर्देशन में जिले में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम स्तर पर स्वच्छता गतिविधियों की नियमित समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन का उद्देश्य जिले के प्रत्येक गांव में स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ वातावरण तैयार करना है। इसी क्रम में मोहला एवं मानपुर क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न ग्रामों एवं प्रमुख स्थानों पर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कराया गया। कचरा फेंके जाने वाले ब्लैक स्पॉट को चिन्हांकित कर उनकी सफाई कराई गई तथा इन स्थानों पर दोबारा कचरा जमा न हो, इसके लिए निगरानी एवं जागरूकता की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

# लगभग एक साल से नहीं हुई ठा. प्यारे लाल स्कूल पानी टंकी की सफाई

■ **नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने निगम प्रशासन पर लगाया अनदेखी का आरोप**



**राजनांदगांव, 7 सितंबर।** शहर के ठाकुर प्यारे लाल स्कूल परिसर स्थित पानी टंकी की लंबे समय से सफाई नहीं होने का मामला सामने आया है। इस टंकी से आसपास के कई मोहल्लों में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। ऐसे में टंकी की नियमित सफाई नहीं होने से नागरिकों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडराने की आशंका जताई जा रही है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने निगम प्रशासन पर इस महत्वपूर्ण विषय की लगातार अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए तत्काल टंकी की सफाई और पेयजल व्यवस्था की जांच कराने की मांग की है।

नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने बताया कि संबंधित पानी टंकी की सफाई लंबे समय से नहीं हुई है। करीब दस दोनों से नलों में गंदा और मटमैला पानी आने की शिकायत नागरिकों से मिल रही है। उन्होंने कहा कि पेयजल सीधे लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है। यदि टंकी की नियमित सफाई और पानी की गुणवत्ता की जांच नहीं की गई तो संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। श्री पिल्ले ने आरोप लगाया कि पानी टंकी की सफाई के लिए निर्धारित तारीख भी काफी समय पहले बीत चुकी है। सफाई की तारीख निकलने के डेढ़ से दो माह बाद भी अगली सफाई की तारीख दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार पानी की टंकियों की नियमित अंतराल पर सफाई होनी चाहिए लेकिन यहां लंबे समय से इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। उनका दावा है कि करीब एक साल से टंकी की विधिवत सफाई नहीं हुई है। श्री पिल्ले ने अमृत मिशन योजना के तहत विकसित पेयजल व्यवस्था की मशीनरी की स्थिति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च कर तैयार की गई व्यवस्था में कई मशीनें और वाल खराब हालत में पड़े हैं। टंकी के आसपास और वाल खोलने वाले स्थानों पर गंदगी, मटमैला पानी, डिस्पोजल और पानी के पाउच पड़े होने की बात भी उन्होंने कही। उन्होंने आरोप लगाया कि कई वाल और मशीनरी खराब पड़ी हैं तथा कंप्यूटराइज्ड सिस्टम भी काम नहीं कर रहा है। इसके कारण करोड़ों रुपये की योजना के तहत तैयार की गई व्यवस्था के रखरखाव पर सवाल खड़े हो रहे हैं। श्री पिल्ले ने बताया कि वाल को खोलने और बंद करने के बाद पानी का रिसाव होने की शिकायत भी सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी पेयजल व्यवस्था में इस तरह की तकनीकी खामियां लंबे समय तक बनी रहना गंभीर लापरवाही है। निगम प्रशासन को तत्काल मौके का निरीक्षण कर खराब मशीनरी, वाल और अन्य उपकरणों की मरम्मत करानी चाहिए। श्री पिल्ले ने कहा कि पेयजल की टंकी की सफाई केवल औपचारिकता नहीं बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ा दायित्व है। यदि टंकी के अंदर लंबे समय से सफाई नहीं हुई है और गंदगी जमा है तो इसका सीधा असर पानी की गुणवत्ता पर पड़ सकता है। उन्होंने निगम प्रशासन से मांग की कि टंकी की तत्काल सफाई कराई जाए, पेयजल के नमूनों की जांच कराई जाए और खराब मशीनरी तथा वाल की मरम्मत कर व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। श्री पिल्ले ने कहा कि निगम प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नियमित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि शहरवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आने वाले समय में गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न हो सकती है।

# तीजा-पोरा में झलकती है छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति:मुख्यमंत्री साय

■ **मुख्यमंत्री साय मोर माटी सांस्कृतिक संगठन के तीजा-पोरा तिहार कार्यक्रम में हुए शामिल**



**रायपुर, 7 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के कबीर नगर स्थित दशहरा मैदान में मोर माटी सांस्कृतिक संगठन द्वारा आयोजित तीजा-पोरा तिहार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तीजा-पोरा तिहार छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के प्रतीक हैं। तीजा हमारी माताओं-बहनों, परिवार और रिश्तों से जुड़ा पर्व है, वहीं पोरा हमारे अन्नदाता किसानों, खेती और पशुधन के सम्मान का पर्व है। ऐसे लोकपर्व हमारी संस्कृति को पीढ़ी-दर-पीढ़ी जीवंत बनाए रखने के साथ समाज में आत्मीयता और समरसता को भी मजबूत करते हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने मोर माटी सांस्कृतिक संगठन की मांग पर कबीर नगर में सर्व समाज भवन के निर्माण के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया और माताओं-बहनों को तीजा पर्व के अवसर पर साड़ी भेंट की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी को तीजा-पोरा तिहार की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि मोर माटी सांस्कृतिक संगठन द्वारा हर वर्ष इस पर्व को भव्यता और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता इसमें सभी समाजों की सहभागिता और समरसता का भाव है। हमारे तीज-त्योहार हमें अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ एक-दूसरे के और करीब लाते हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी को सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है– 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।' तीजा तिहार माताओं-बहनों के त्याग, तप और परिवार के प्रति उनके समर्पण का पर्व है। इस दिन महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि और पति की दीर्घायु की कामना के साथ व्रत रखती हैं, भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं तथा कथा श्रवण और रात्रि जागरण करती हैं।

उन्होंने कहा कि भारत तीज-त्योहारों का देश है और छत्तीसगढ़ की संस्कृति में इन पर्वों की विशेष महत्ता है। एकादशी और करमा तिहार सहित हमारे अनेक पर्वों के पीछे सामाजिक और सांस्कृतिक संदेश निहित हैं। ये परंपराएं हमारे पूर्वजों की अमूल्य विरासत हैं। इन्हें सहेजना और आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी संस्कृति और परंपराओं के महत्व को समझें और उनसे जुड़ी रहें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान और माताओं-बहनों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी गई। बीते दो वर्षों में 11 लाख से अधिक आवास बन चुके हैं और प्रतिदिन लगभग 1600 आवासों का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है। किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माताओं-बहनों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रतिमाह एक हजार रुपए की सहायता दी जा रही है और अब तक 31 किश्तों का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि गांव की महिलाओं के लिए यह राशि आर्थिक संबल का महत्वपूर्ण माध्यम बनी है। महिलाएं इस राशि का उपयोग किराना एवं सब्जी दुकान जैसे छोटे व्यवसाय शुरू करने, सिलाई मशीन खरीदने और बेटियों के भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना में बचत करने जैसे कार्यों में कर रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लंबे समय तक नक्सलवाद छत्तीसगढ़ के विकास की राह में बड़ी बाधा रहा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में बनाई गई प्रभावी रणनीति और हमारे सुरक्षाबलों के अदम्य साहस से आज छत्तीसगढ़ नक्सलमुक्त हुआ है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 15 हजार आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए अलग से आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिससे वे समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सम्मानजनक जीवन की नई शुरुआत कर सकें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया गया है। पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन के लिए ई-फाइल प्रणाली लागू की गई है तथा शासकीय प्रक्रियाओं को तेजी से डिजिटल और ऑनलाइन बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से नागरिक चौबीसों घंटे अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। शिकायतों के समयबद्ध निराकरण के लिए चार स्तरों पर लगभग 8 हजार कर्मचारियों को जोड़ा गया है। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से 36 विभागों की 700 से अधिक सेवाएं नागरिकों को मोबाइल पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल और माता कौशल्या का मायका है। रामलला दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेश के श्रद्धालुओं को अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन कराए जा रहे हैं और अब तक 50 हजार से अधिक श्रद्धालु इसका लाभ ले चुके हैं। इसी प्रकार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत प्रदेश के बुजुर्गों को देश के चयनित 31 तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जा रही है।

# उड़ान महिला संगठन ने किया शिक्षकों का सम्मान



■ **तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**तिल्दा नेवरा 7 सितंबर।** उड़ान महिला संगठन, कुंदरू के द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सम्माननीय शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया जिला पंचायत सभापति स्वाती वर्मा ने कहा की एक शिक्षक केवल बच्चों को पाठ्यक्रम का ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि उनके व्यक्तित्व, सोच, व्यवहार एवं भविष्य की दिशा निर्धारित करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करना सभी शिक्षकों की सामूहिक जिम्मेदारी है।शिक्षक राष्ट्र के भाग्य विधाता और निर्माता दोनों हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का तन, मन, धन और समय से हर तरह से सम्मान और सहयोग किया जाना चाहिए। जिला पंचायत सभापति श्रीमती शैल महेंद्र साहू ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षक समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह के दौरान उपस्थित शिक्षकों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए अपने अनुभव एवं विचार भी साझा किए। कार्यक्रम में शिक्षकों के कार्यों एवं उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# बस्तर की जनता जैसा विकास चाहेगी वैसा ही होगा: मुख्यमंत्री

**रायपुर 7 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि बस्तर के विकास की दिशा वहां की जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं के अनुरूप ही तय होगी। बस्तर की जनता को किसी प्रकार के भ्रम में रहने की आवश्यकता नहीं है। सरकार क्षेत्र में कृषि, पर्यटन, पशुपालन सहित स्थानीय संभावनाओं के अनुरूप आजीविका और विकास के अवसरों को आगे बढ़ा रही है। बस्तर के लोग जैसा विकास चाहेंगे, सरकार उसी दिशा में आगे बढ़ेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने निजी समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में विभिन्न सवालों के जवाब देते हुए बस्तर के विकास, नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक सफलता और महिला सशक्तीकरण सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से अपनी बात रखी।

बस्तर से जुड़े एक प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दशकों तक नक्सलवाद के कारण बस्तर विकास की मुख्यधारा से पीछे रहा। आज जब नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई निर्णायक मुकाम पर पहुंची है और क्षेत्र में शांति एवं विकास का नया वातावरण बना है, तब कुछ लोग बस्तर की जनता के बीच यह भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं कि नक्सलवाद को समाप्त करने के पीछे सरकार का उद्देश्य बड़े उद्योगों के लिए रास्ता तैयार करना है। मुख्यमंत्री ने इसे स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है। बस्तर का भविष्य वहां की जनता की आकांक्षाओं और इच्छाओं के अनुरूप ही तय होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जो लोग नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई में कभी साथ नहीं खड़े हुए अथवा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से उसका समर्थन करते रहे, वे अब नए नैरेटिव के माध्यम से लोगों में भ्रम पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। बस्तर की जनता जागरूक है और ऐसे भ्रामक प्रयासों को भली-भांति समझती है।

### जी-राम-जी योजना से ग्राम सपना में आजीविका डबरी बनी किसान की बहुउपयोगी परिसंपत्ति

**रायपुर, 7 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के साथ आजीविका के नए अवसर विकसित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक असर अब गांवों में दिखाई देने लगा है। विकसित भारत जी-राम-जी योजना के तहत निर्मित आजीविका डबरी किसानों के लिए सिंचाई, खेती और मछली पालन जैसी गतिविधियों को एक साथ आगे बढ़ाने का आधार बन रही है। सरगुजा जिले के अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सपना के किसान श्री जयलाल के लिए यह डबरी ऐसी ही बहुउपयोगी परिसंपत्ति बनकर सामने आई है। किसान श्री जयलाल ने बताया कि जी-राम-जी योजना के तहत उनके लिए आजीविका डबरी का निर्माण कराया गया है। बारिश के दौरान इसमें पानी एकत्र हो जाता है, जो लंबे समय तक उपलब्ध रहता है। आवश्यकता के अनुसार इसी पानी का उपयोग खेतों में सिंचाई के लिए किया जा रहा है। डबरी बनने से खेती के लिए पानी की व्यवस्था को लेकर पहले जैसी परेशानी नहीं रही और फसलों की सिंचाई करना आसान हुआ है। श्री जयलाल ने बताया कि आजीविका डबरी का उपयोग केवल सिंचाई तक सीमित नहीं है। उन्होंने डबरी में मछली पालन भी शुरू किया है।

# शिक्षक दिवस पर विजन कंप्यूटर एजुकेशन में शिक्षकों का सम्मान,सांस्कृतिक कार्यक्रम भी

■ **तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**राजनांदगांव 7 सितंबर।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर विजन कंप्यूटर एजुकेशन संस्थान, राजनांदगांव में शिक्षक दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षकों का सम्मान करने के साथ विद्यार्थियों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संस्थान के शिक्षकों का विद्यार्थियों द्वारा तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने गीत गायन, खेल प्रतियोगिता सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समारोह को यादगार बनाया। संस्थान के संचालक लोकेश रजक ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन, उनके आदर्शों एवं शिक्षा तथा राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में तकनीक के महत्व की जानकारी देते हुए इसके सकारात्मक उपयोग के लिए प्रेरित किया। साथ ही रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों से तकनीकी शिक्षा के साथ कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक भूमिका देवांगन, नंदनी विश्वकर्मा, भूपेश्वरी साहू, शगुफ्ता परवीन, तूलिका सामरित, विपेंद्र वर्मा सहित संस्थान के शिक्षक एवं अंजली साहू छात्रा,कविता साहू छात्रा ,पायल, हंसिका, तनीषा ठाकुर, पूर्णिमा, प्रहलाद,रोशनी, मेघराज,ऐश्वर्या,काजल साहू, शुक्रिया, संजना, अदिति, घनश्याम, लीना बारापात्रे, भूमिका यादव, रोशनी देवांगन, मुस्कान नागदेवे ,काजल कुंजाम, आरती सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रशांत रजक ने किया।

# आरंग में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दी 140 लाख से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

**आरंग / रायपुर 7 सितंबर।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के विकास पुरुष सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के साथ रविवार को आरंग विधानसभा क्षेत्र में करीब 140 लाख के लोकहितकारी विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। ग्राम पंचायत कलई में आयोजित भव्य समारोह में क्षेत्रवासियों को ?1 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की ऐतिहासिक सौगात दी।

अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी की पावन जयंती के अवसर पर आयोजित इस विशाल जनसभा में सांसद श्री अग्रवाल ने नवनिर्मित वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी सामाजिक भवन का लोकार्पण किया तथा ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यों का विधि-विधान से भूमिपूजन व शिलान्यास किया। जिसमें प्राथमिक शाला में 3 अतिरिक्त कक्ष निर्माण (?21 लाख), बालिका शौचालय निर्माण (?5 लाख), नवीन आंगनबाड़ी भवन (?11.69 लाख), नवीन आंगनबाड़ी आहता निर्माण (?5 लाख), ग्राम में ओपन जिम की स्थापना (?5 लाख), मुक्तिधाम में प्रतीक्षालय निर्माण (?6 लाख), ठाकुरदेव चौक में टिन शेड निर्माण (?5 लाख), पंचायत भवन से राजाराम के घर तक सी.सी. रोड (?10.4 लाख), चोवा यादव के घर से नरसिंग के घर तक सी.सी. रोड (?10.4 लाख), बस्ती पारा में सी.सी. रोड (?10 लाख) तथा जल निकासी हेतु नाली निर्माण (?3.91 लाख) का भूमिपूजन किया। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि रानी अवंती बाई ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफजो अलख जगाई थी, वही साहस आज हमारे समाज की प्रेरणा है। श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रणेता भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का स्मरण करते हुए कहा कि भाजपा की रीति-नीति सदैव अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुँचाने की रही है। श्री अग्रवाल ने कहा, आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विजन और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के सुशासन में छत्तीसगढ़ विकास के नए आयाम छू रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत माताओं-बहनों को प्रतिमाह मिल रहे 1000 रुपये से उनका स्वाभिमान बढ़ा है। समारोह में उपस्थित जनसमूह की मांग पर सांसद श्री अग्रवाल ने तुरंत संवेदनशीलता दिखाते हुए लोधी समाज के भवन के जीर्णोद्धार हेतु 10 लाख तथा ग्राम कलई में आवश्यक शेड निर्माण कार्य हेतु 10 लाख स्वीकृत करने की घोषणा की, जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह दिखा। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने ग्राम देवरी में 11.69 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। साथ ही शिव मंदिर जीर्णोद्धार, सार्वजनिक भवन, सीसी रोड, खेल मैदान समतलीकरण एवं पीडीएस भवन सहित विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन कियासाथ ही ग्राम देवरी में गोठान चौक में शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, कांक्रीटीकरण के लिए 10 लाख रुपए, आंगनवाड़ी में पेवर ब्लॉक के लिए 7 लाख रुपए, बजरंग चौक में रंगमंच निर्माण 5 लाख रुपए और जर्जर अटल समरसता भवन के नए भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की इस अवसर पर वृद्धजनों और मितानिन दीदीयों को सम्मान भी किया।

### खेल प्रतिभाओं को तराशने और आगे बढ़ाने प्रतिबद्ध है सरकार : अरुण साव

**रायपुर, 7 सितंबर।** उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत इन प्रतिभाओं को पहचानने, तराशने और उन्हें आगे बढ़ने के बेहतर अवसर प्रदान करने की है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने आज बिलासपुर में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल के मैदान में संघर्ष करने और पसीना बहाने वाले खिलाड़ी ही सफलता की नई ऊंचाइयों को छूते हैं। जो खेलेगा, वही खिलेगा। आज देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी खेल और खिलाड़ियों के विकास को विशेष प्राथमिकता दे रहे हैं। खेलो इंडिया के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार भी खेल और खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए लगातार कार्य कर रही है। राज्य में बस्तर एवं सरगुजा ओलंपिक का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ को खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स की मेजबानी का अवसर भी मिला है। राज्य सरकार ने बंद हो चुके खेल अलंकरण को पुनः प्रारंभ करने के साथ ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की है। श्री साव ने बताया कि हाल ही में 29 अगस्त को राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप एक करोड़ 74 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष योजना के अंतर्गत इस वर्ष के बजट में 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202608092100038
अ/6 वर्ष 2025-26

## ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अमित कौर, पति श्री गुरजीत सिंग भाटिया, जाति-सिक्ख, उम्र 43 वर्ष, निवासी बुधवारीपारा वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ. ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदिका के द्वारा अनावेदिका (सुनिता सोनी पति श्री साकेत सोनी, जाति-सोनार, उम्र 55 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 14 डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) हालनिवास-मकान नं. ए. 7 वार्ड नं. 44 रिध्दी सिध्दी बस्ती फेस 3 कौरिनभाठा राजनांदगांव (छ.ग.)) से ग्राम नजूल नगर डोंगरगढ़ वार्ड नं. 15 स्थित भूमि/दुकान शीट क्रं. 5 भूखंड क्रमांक 1320/2 (ख) क्षेत्रफल 12.3×10.10=132 वर्गमीटर 12.267 वर्गमीटर दुकान नं. 10/2 को विक्रयपत्र मूल्यवान 2,25,000/- रू. बैनामा दिनांक 02/9/2009 के माध्यम से क्रय किया है। आवेदिका अब उपरोक्त दुकान का एकमात्र स्वामित्व व आधिपत्यधारी है। अनावेदिका (अमित कौर) का उपरोक्त दुकान पर अब किसी भी प्रकार का कोई हक हिस्सा शेष नहीं है। अनावेदक से ग्राम नजूल नगर डोंगरगढ़ वार्ड नं. 15 स्थित दुकान शीट क्र. 5 भूखंड क्रमांक 1320/2 (ख) क्षेत्रफल 12.3×10.10=132 वर्गमीटर 12.267 वर्गमीटर दुकान नं. 10/2 से अनावेदिका का नाम विलोपित कर आवेदिका का नाम नजूल अभिलेखों में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 16/09/2026 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रिसाली, जिला व तह. दुर्ग (छ.ग.)**

## सूचना पत्र

प्रति,
1. आवेदक- शिखा रानी
2. जानकी देवी

**विषयः- सीमांकन/स्थल जांच/बटांकन के संबंध में सूचना बाबत्।**

ग्राम रिसाली, प.ह.नं. 49 रा.नि.म. रिसाली, तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नम्बर 691/9 रकबा 0.0200 हे. भूमिस्वामी/आवेदक शिखा रानी का सीमांकन/बटांकन/स्थल जांच हेतु न्यायालय तहसीलदार दुर्ग/अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 313 दिनांक 22-05-26 के परिपालन में दिनांक 07-09-26 को समय 11:00 से 05:00 बजे के बीच में सीमांकन/बटांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे। अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त भूमि/खसरा नम्बर पर आपत्ति पेश करना चाहता है, कार्यालय/मौके पर अपने सम्पूर्ण दस्तावेज लेकर उपस्थित होवे। तत्पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
रिसाली
तह. व जिला-दुर्ग

## एक नजर

### प्रोफेसर दीक्षित को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित



**रायपुर, 7 सितम्बर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय के प्रोफेसर राजीव चौधरी को शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने सम्मानित किया। प्रोफेसर चौधरी कार्यपरिषद के सदस्य रह चुके हैं। वे शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष व फैकेल्टी ऑफ डीन थे। वर्तमान में वे विधि विभाग के विभागाध्यक्ष तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण हैं। उन्हें छग विधि पेंशनर्स कल्याण संघ के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र, महासचिव शिरीष त्रिवेदी, जितेंद्र प्रेमी, कमलेश शुक्ला, गणेश राम बेनर्जी ने बधाई दी है।

### इंडियन सॉफ्ट टेनिस टीम के कोच बने प्रमोद ठाकुर

**रायपुर, 7 सितम्बर।** जापान मे आयोजित 20 वे एशियन गेम्स मे हिस्सा लेने वाली इंडियन सॉफ्ट टेनिस टीम के कोच के रूप मे छत्तीसगढ़ सॉफ्ट टेनिस संघ के सचिव प्रमोद ठाकुर जापान पहुंच गए है. वहां भारतीय टीम 1 से 15 सितंबर तक फुकुशीमा मे आयोजित एडवांस ट्रेनिंग केम्प मे हिस्सा ले रही है. टीम 16 सितंबर को ओइची नागौया पहुंचेगी जहाँ 19 से 23 सितंबर तक एशियन गेम्स मे होने वाले चेम्पीयनशीप मे भाग लेंगे. छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया, छ्ग सॉफ्ट टेनिस संघ के अध्यक्ष अनिल पुसदकर सहित राज्य के समस्त खेल पदाधिकारियों ने प्रमोद ठाकुर को बधाई देते हुए भारतीय सॉफ्टटेनिस टीम को अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनायें दिए.



### वेदांता ने ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए बेहतर मेटल उत्पाद लॉन्च किया

**रायपुर, 7 सितम्बर।** भारत की प्रमुख एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले प्राइमरी फाउंड्री अलॉय (पीएफए) रेंज के तहत दो नए और उन्नत उत्पाद लॉन्च किए हैं। इनमें कॉपर-डोप्ड अलॉय, जिसे हाई-परफॉर्मेंस ऑटोमोबाइल के लिए विकसित किया गया है, और वेदांता फाउंड्री अलॉय (वीएफए) शामिल हैं। वीएफए को बेहतर मजबूती और टिकाऊपन के लिए आईआईटी दिल्ली के सहयोग से विकसित किया गया है। ये दोनों नए उत्पाद अगली पीढ़ी के ऑटोमोबाइल बनाने में नई संभावनाएँ लेकर आए हैं। इनकी मदद से हल्के, सुरक्षित और अधिक बेहतर वाहन बनाने में मदद मिलेगी और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में नए अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। इन दोनों नए उत्पादों की मदद से ऑटोमोबाइल निर्माता कंपोनेंट्स की उम्र बढ़ाने, वाहनों की दक्षता और भरोसेमंद प्रदर्शन को बेहतर करने और अगली पीढ़ी की मोबिलिटी की बदलती जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगे। अपनी बढ़ती आरएंडडी क्षमताओं के साथ, वेदांता एल्युमीनियम ओईएम और ऑटोमोबाइल कंपोनेंट निर्माताओं के साथ मिलकर काम कर रहा है, ताकि उन्नत और बेहतर मटेरियल सॉल्यूशंस तैयार किए जा सकें।

### इनफिनिक्स हॉट 70-प्रो को लॉन्च करने की घोषणा

**रायपुर, 7 सितम्बर।** न्यू-एज स्मार्टफोन ब्रांड, इनफिनिक्स ने आज युवा भारत के लिए डिज़ाइन किए गए स्मार्टफोन में एक्सप्रेसिव डिज़ाइन, इंटरैक्टिव अनुभवों और रोज़मर्रा की परफॉर्मेंस को एक साथ लाते हुए, बिल्कुल नए इनफिनिक्स हॉट 70 प्रो को लॉन्च करने की घोषणा की। इनफिनिक्स की फ्रेश. फन. यंग. फिलॉसफी पर निर्मित, हॉट 70 प्रो नया डायनामिक शाइन डिज़ाइन पेश करता है, जो रंग और टेक्सचर को स्मार्टफोन के अनुभव का एक आकर्षक हिस्सा बना देता है। हॉट 70 प्रो एक विशिष्ट डिज़ाइन लैंग्वेज को एक्टिव मैट्रिक्स क्यूब, 50एमपी सोनी कैमरा सिस्टम, स्मूथ 144हर्ट्ज़ डिस्प्ले, आईपी68 प्रोटेक्शन, मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7100 5जी प्रोसेसर और 45वॉट फास्टचार्ज सपोर्ट वाली 6000एमएएच बैटरी के साथ जोड़ता है। एक साथ मिलकर, इन फीचर्स को एंटरटेनमेंट, फोटोग्राफी, गेमिंग, कनेक्टिविटी और रोज़मर्रा के उपयोग में एक शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।



### रॉयल एनफील्ड हिमालयन लांच



**रायपुर, 7 सितम्बर।** आन रॉयल एनफील्ड, पचपेड़ी नाका में बहुप्रतीक्षित रॉयल एनफील्ड हिमालयन का शानदार लॉन्च आयोजित किया गया। इस अवसर पर आन रॉयल एनफील्ड के डीलर प्रशांत केशरवानी एवं कंपनी मैनेजर सतीश जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में रॉयल एनफील्ड प्रेमियों, ग्राहकों एवं बाइकिंग उत्साही लोगों ने नई हिमालयन को करीब से जाना और इसकी एडवेंचर क्षमता एवं आधुनिक तकनीक का अनुभव किया। नई हिमालयन को खास तौर पर एडवेंचर और लॉन्ग-राइडिंग के शौकीन राइडर्स को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। दमदार परफॉर्मेंस, आधुनिक फीचर्स और रॉयल एनफील्ड की प्रतिष्ठित पहचान इसे एडवेंचर बाइकिंग सेगमेंट में एक शानदार विकल्प बनाती है। आन रॉयल एनफील्ड, पचपेड़ी नाका, रायपुर की टीम सभी बाइकिंग एन्थूसियास्ट्स को नई हिमालयन का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित करती है।

# मासूम को डरा-धमकाकर मंगवाए सोने के जेवर और नगदी, पति-पत्नी गिरफ्तार



**रायपुर, 7 सितम्बर।** मोहल्ले में आपका बच्चा किसके साथ खेल रहा है? किसके साथ घूम रहा है और कहां जा रहा है? बच्चों की एक उम्र तक उनकी संगत और गतिविधियों पर नजर रखना बेहद जरूरी है. नहीं तो वह किसी बड़ी मुसिबत में पड़ सकते हैं. रायपुर के गुढ़ियारी से सामने आया यह मामला भी अभिभावकों के लिए एक बड़ी सीख है, जहां नाबालिग बच्चों को अपने झांसे में लेकर डराने-धमकाने और ब्लैकमेल कर सोने-चांदी के जेवर और पैसों की उगाही की जाती थी. इस मामले में पति-पत्नी को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक, गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के अशोक नगर में 11 वर्षीय नाबालिग अपनी मामी के साथ रहती है. पास में ही वंदना साहू भी अपने पति दीपक साहू के साथ रहती है. आरोप है कि वंदना और दीपक ने नाबालिग को डरा-धमकाकर और ब्लैकमेल कर उसके घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात मंगवाए.

शिकायत में बताया गया कि 2 सितंबर को बच्ची अपनी नानी का रानीहार भी चोरी-छिपे लेकर वंदना साहू को दे दिया. शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने बच्ची पर दबाव बनाकर उससे नगदी रकम भी मंगवाई. इसी तरह मोहल्ले के अन्य बच्चों को भी डराने-धमकाने और उनसे अवैध रूप से पैसे और जेवरात की उगाही करने की बात सामने आई है.

मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए शिकायत के आधार पर धारा 308(2) और 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया. नॉर्थ जोन की डिप्टी कमिश्नर दीपमाला कश्यप ने एडीसीपी आदित्य पाण्डेय समेत अन्य अधिकारियों को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए. इसके बाद पुलिस ने पीड़ित परिवार और नाबालिग से पूछताछ कर आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी और वंदना साहू, दीपक साहू को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से उगाही किए गए सोने के कान के टॉप्स और चेन बरामद किए हैं. पूछताछ में पति-पत्नी ने अपराध करना स्वीकार किया. दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है.

# 10 वर्षीया अरुणिमा ने पौन घंटे तक पेश किया भरथरी



**रायपुर, 7 सितम्बर।** संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित लोकरंग पर्व-2026, मुक्ताकाशी मंच, महंत घासीदास संग्रहालय परिसर, रायपुर में रविवार को भरथरी गायन के जन्म प्रसंग में 10 वर्षीय नन्ही गायिका अरुणिमा शर्मा (आद्या) ने नया इतिहास लिख दिया। वह कम उम्र में ही किसी शासकीय मंच पर सबसे लम्बा भरथरी गायन प्रस्तुति देने वाली सबसे छोटी नन्ही कलाकार है. आयोजन के प्रथम दिवस पर मंच पर उपस्थित थे - संचालक डॉ. संजय कन्नौजे, अपर संचालक उमेश मिश्रा, प्रसिद्ध गीतकार-कवि मीर अली मीर, वरिष्ठ साहित्यकार विजय मिश्रा, बॉलीवुड अभिनेत्री श्वेता पद्मा सहित बड़ी संख्या में लोक कला प्रेमी दर्शक।

**मंच पर राजकीय सम्मान :** प्रस्तुति के उपरांत मंच पर ही अरुणिमा को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, गुलदस्ता एवं राजकीय गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## कांग्रेस में भूपेश के खिलाफ बनाया जा रहा माहौल : अजय



**रायपुर, 7 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस में इन दिनों नए सियासी समीकरणों को लेकर चर्चा तेज है। कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव के साथ वरिष्ठ नेता चरणदास महंत और टीएस सिंहदेव के नजर आने के बाद प्रदेश की राजनीति में अटकलों का दौर शुरू हो गया है। इसी बीच बीजेपी के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस की अंदरूनी स्थिति पर तंज कसते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि भूपेश बघेल के खिलाफ जोर लगाया जा रहा है। अजय चंद्राकर ने कांग्रेस में कथित गुटबाजी और आपसी खींचतान को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेता जनता और प्रदेश के मुद्दों के बजाय आपसी गुटबाजी में उलझे हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की अंदरूनी कलह अब खुलकर सामने दिखाई दे रही है और इसका असर पार्टी की राजनीतिक गतिविधियों पर भी नजर आ रहा है।

# प्रतिस्पर्धा नहीं, सहयोग से बढ़ेगा व्यापार



**रायपुर, 7 सितम्बर।** युवा कैट द्वारा युवा उद्यमियों एवं व्यापारियों के बीच आपसी परिचय, व्यापारिक सहयोग एवं रेफरल नेटवर्किंग को मजबूत करने के उद्देश्य से बिजनेस मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा उद्यमियों एवं व्यापारियों ने सहभागिता की तथा आपसी सहयोग के माध्यम से व्यापार को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया। युवा कैट प्रदेश अध्यक्ष कांती पटेल, प्रदेश महामंत्री रतनदीप सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष भरत भूषण गुप्ता ने बताया कि बिजनेस मीट का मुख्य उद्देश्य युवा व्यापारियों को एक-दूसरे के व्यवसाय को समझने, नए व्यापारिक अवसर तलाशने तथा मजबूत रेफरल नेटवर्क तैयार करने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंकज माहेश्वरी, मैनेजिंग पार्टनर, महेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस ने अपने संबोधन में कहा कि आज का सफल व्यापारी केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी ईमानदारी से निर्वहन करता है। उन्होंने कहा कि व्यापार में सफलता केवल लाभ कमाने से नहीं, बल्कि ग्राहक का विश्वास, बेहतर गुणवत्ता और मजबूत व्यावसायिक संबंध बनाने से प्राप्त होती है।

## बस्तर में जादू-टोने के शक में हत्या शर्मनाक : दिनेश मिश्र



**रायपुर, 7 सितम्बर।** दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पोरोपरिया पटेलपारा में जादू-टोना करने के शक में एक ग्रामीण की पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। तथा परिवार के सदस्य भी घायल हुए हैं. यह बहुत शर्मनाक एवं चिंताजनक है. जादू टोने, टोनही जैसी मान्यताओं का कोई अस्तित्व नहीं है . अंधविश्वास में पड़ कर इस प्रकार कानून हाथ में लेना अनुचित और गैरकानूनी है. वे बस्तर जाकर ग्रामीणों से मिलेंगे. डॉ दिनेश मिश्र ने कहा जानकारी मिली है छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पोरोपरिया पटेलपारा में जादू-टोना करने के शक में एक ग्रामीण की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने पहले मृतक और उसके परिवार के साथ मिलकर मारपीट की और बाद में डंडे से पीटकर उसकी जान ले ली। हत्या के बाद साक्ष्य छिपाने के लिए शव को जलाने का भी आरोप है। 1 सितंबर को रोपरिया पटेलपारा निवासी जोगा मंडावी (53) को लेकर गांव के कुछ लोगों को संदेह था कि वह जादू-टोना करता है।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर घर घर जलेगा आशीर्वाद का दीया



**रायपुर, 7 सितम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सहकारी नेता एवं प्रदेश भाजपा कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज के जन्मदिन एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को राजधानी में विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक अनुज शर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीराम गर्ग, सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवकर साहेब, महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी, शहर व ग्रामीण के जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर व श्याम नारंग, छत्तीसगढ़ राज्य उद्योग विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष किशोर महानंद, पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, उपाध्यक्ष जे. पी. शर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. विमल चोपड़ा, महिला मोर्चा के प्रभारी सुभाष तिवारी, जिला पंचायत के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, उपाध्यक्ष संदीप यदु आदि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण, सुशासन एवं राष्ट्रनिर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, उनके जन्मदिवस 17 सितंबर से प्रारंभ होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत प्रत्येक घर में 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्वलित करने हेतु 10 हजार दीयों का वितरण किया, 75 शिक्षकों का सम्मान किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक हजार फलदार पौधों का वितरण किया।

# रक्तदान शिविर में संग्रह किया गया 250 यूनिट रक्त

**रायपुर, 7 सितम्बर।** सामाजिक संस्था प्रमा फाउंडेशन एवं लक्ष्मी मेडिकोज द्वारा दिनांक 06 सितंबर 2026, दिन रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन मेन रोड धरसीवां में लक्ष्मी मेडिकोज के सामने किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 250 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मी वर्मा, राज्यसभा सांसद, विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा, दुर्गेश वर्मा, (अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, धरसीवां), पूजा अश्वनी वर्मा (जनपद सदस्य, धरसीवां) साहिल खान (सरपंच, धरसीवां) उपस्थित रहे। संस्था की ओर से नयन वर्मा, गुंजन सिंह, मनीष धुरंधर, राज कुमार मिश्रा, दुर्गेश निषाद, सौरभ सेन, सूरज जाना, भूपेंद्र नायक, धर्मेंद्र चौरसिया, हेमलता मोंगरे, गुलशन वर्मा, चेतन सिंह, मयंक शर्मा, केशव पटनायक, अविनाशी पाण्डेय, प्रवेश पाण्डेय, विवेक कुमार साहू, भरत कामड़े, संदीप साहू उपस्थित रहें।



# तीज महोत्सव में पंजाबी टीम की शानदार उपलब्धि




**रायपुर, 7 सितम्बर।** वृंदावन हॉल में वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित तीज महोत्सव की सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में विभिन्न प्रांतों की टीमों ने शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। पंजाबी वुमेन वेलफेयर एसोसिएशन की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं तीज सुंदरी प्रतियोगिता में जसविंदर कौर डडियाला ने भी द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने के लिए तजिंदर गरेवाल, पूजा होरा एवं मोना होरा उपस्थित रहे। प्रतिभागी मनदीप कौर, हरप्रीत कौर, सोनिया कौर, हरमन कौर, नीतू चौधरी, रीना कौर, जसविंदर कौर डडियाला, रोमा कौर, हरलीन कौर, सोनी हायर एवं सुखवंत कौर उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

**रायपुर, 7 सितम्बर।** वार्ड न. 19 डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड मे छाया पार्षद डॉ. विकास पाठक की उपस्थिति में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. विकास पाठक ने बताया की हर वर्ष की तरह इस बार भी उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया सम्मान समारोह मे छात्रों के पालकगण भी उपस्थित रहे। विकास उपाध्याय ने अपने हाथो से दसवीं एवं बारहवी मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विधार्थियो को प्रमाण पत्र मैडल देकर बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए कहा की विधार्थियो की मेहनत और सफलता समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने विधार्थियो को भविष्य मे भी इसी लगन एवं मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किये। कार्यक्रम का उद्देश्य विधार्थियो की प्रतिभा एवं मेहनत को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें शिक्षा के क्षेत्र मे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के अंत मे सभी सम्मानित छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस सम्मान कार्यक्रम मे हर्ष दुबे, खुशी दुबे, श्रद्धा साहू, कुणाल गुप्ता, कृष्णा दुबे, ऋषिता मौर्य, याशू वर्मा, सुनीता साहूप्रीति साहू, पायल नागवंशी, इच्छा रावड़े, भावना खरोले, निहारिका खरोले, वरदान, जतिन एवं समस्त छात्र उपस्थित रहे।



# माँ गोदावरी आनंद वन में मनाई गई जन्माष्टमी

**रायपुर, 7 सितम्बर।** माँ गोदावरी आनंद वन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति, उल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक एवं भव्य रूप से सजाया गया, जिससे पूरा आनंद वन भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। पावन पर्व पर भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। जन्माष्टमी महोत्सव के दौरान मटकी फोड़, जलेबी दौड़ सहित विभिन्न पारंपरिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। मां गोदावरी आनंद वन ट्रस्टी कल्पना योगेश तिवारी, आश्रम प्रबंधक डॉ सीपी सेन, संगीता सेन, मनीष तिवारी, प्रियांशु सिंह, दिलीप सिंह, बृजेश सिंह, शान्ति लाल जैन, सन्त सिन्हा आदि शामिल हुए।



## सुरुजपुराडीह में मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव



**रायपुर, 7 सितम्बर।** कोसरिया यादव समाज बेरला परिक्षेत्र के माध्यम से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता, सर्व सनातन संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी शामिल हुए और भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनके संदेश को याद करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने मानव जीवन को धर्म, सत्य, कर्म, प्रेम और कर्तव्य का मार्ग दिखाया।

# पर्यूषण महापर्व आज से प्रारंभ

**रायपुर, 7 सितम्बर।** श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व 8 से 15 सितम्बर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि सकल जैन समाज पर्युषण पर्व के 8 दिनों में न्यूनतम तप नवकारसी व लिलोती व रात्रि भोजन त्याग के नियम का अवश्य पालन करते हैं। श्रावक व श्राविकाओं द्वारा संध्या 6.45 बजे से पदमशिला गोलछा भवन में प्रतिक्रमण किया जावेगा। भैरव सोसायटी सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में प्रतिदिन रात्रि 8.15 बजे से दादागुरुदेव इक्तिसा जाप व प्रभु भक्ति महोत्सव में छत्तीसगढ़ के ख्यातिनाम जैन भजन गायक व मण्डल प्रस्तुति देंगे। पर्युषण पर्व के प्रथम दिवस सुप्रसिद्ध जैन भजन ग्रुप विरति मण्डल, भैरव सोसायटी स्थित जिनमंदिर में भक्ति गीत प्रस्तुत करेंगे। प्रथम दिवस की प्रभुभक्ति के लाभार्थी मूलचंद संतोष सरला बैद परिवार हैं। 9 सितम्बर को भैरव भक्त मण्डल की प्रभु भक्ति होगी। ट्रस्टी नीलेश गोलछा व डॉ योगेश बंगानी ने बताया कि पर्युषण पर्व के अवसर पर प्रातः 5 बजे मंदिर जी के पट खोले जाएंगे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26